डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com




PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक




PG-8

सिनेमाः-ऑस्कर में होगा 'नाटू नाटू' पर लाइव परफॉर्मेंस

वर्ष -09 अंक -02 | प्रयागराज ,बुधवार, 01, मार्च, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी अरबपति सोरोस के एजेंडे और बीबीसी डाक्यूमेंट्री से सावधान रहने की जरूरत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**चेन्नई।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारतीयों से अमेरिकी अरबपति निवेशक जार्ज सोरोस के एजेंडे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बीबीसी की डाक्यूमेंट्री से सावधान रहने का आग्रह




किया। साथ ही कहा कि उन लोगों से सावधान रहने की जरूरत है जोकि दूसरे तरीके से राजनीति कर रहे हैं। अभिव्यक्ति की आड़ लेकर सुप्रीम कोर्ट को नीचा दिखाना गलतः उपराष्ट्रपति आइआइटी मद्रास में सेंटर फार इनोवेशन फैसिलिटी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों में पीएम मोदी और उनकी भूमिका पर अपना फैसला सुनाया था और उन्हें क्लीन चिट दी थी लेकिन अभिव्यक्ति की आड़ लेकर क्या आप सुप्रीम कोर्ट और दो दशक की गहन जांच को नीचा दिखा सकते हैं उन्होंने कहा कि गुजरात दंगों की दशकों तक सभी स्तरों पर गहन जांच की गई।धनखड़ ने कहा कि सबसे बड़े लोकतंत्र की सर्वोच्च अदालत ने फैसला सुनाया। मोदी पाक साफ दिए गए। कुल मिलाकर कहा जाए तो बीबीसी की डाक्यूमेंट्री दुष्प्रचार भरी कपोल कल्पना पर आधारित कहानी है। उन्होंने आगे कहा कि एक 92 वर्षीय सोरोस हैं जो कि प्रधानमंत्री के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रसित हैं। वे विश्व को अपने अनुसार चलाना चाहते हैं और ऐसा नहीं होता है तो वे खामियां निकालने लगते हैं। ऐसे लोगों से भी सचेत रहने की जरूरत है। सोरोस ने अदाणी ग्रुप विवाद पर म्यूनिख सम्मेलन में कहा था कि पीएम मोदी को इस मामले पर विदेशी निवेशकों के सवालों का जबाव देना चाहिए। इस प्रकरण से मोदी की भारत सरकार पर पकड़ कमजोर होगी। इसने भारत में संस्थागत बदलावों के रास्ते को खोल दिया है। सोरोस ने कहा था कि अब उन्हें भारत में एक लोकतांत्रिक पुनरुद्धार की उम्मीद है।

## कर्नाटक में आम आदमी पार्टी को झटका, चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हुए भास्कर राव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पाटी को झटका लगा है। बेंगलुरु पुलिस के कमिश्नर रहे और आप नेता भास्कर राव ने अपनी पार्टी को अलविदा कह दिया है। इसके साथ ही भास्कर राव ने राज्य की सत्ताधारी पार्टी भाजपा का दामन थाम लिया है। भास्कर राव ने एक मार्च को भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील भी मौजूद थे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए भास्कर राव ने आप पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि में पारदर्शिता की कमी है। इसे एक बहुराष्ट्रीय कॉरपोरेशन की तरह चलाया जाता है। भ्रष्टाचार से लड़ने के नाम पर चंदा इकट्ठा किया जाता है के मंत्रियों का जेल जाना शर्मनाक भास्कर राव ने ये भी कहा कि आप का विकास अब नहीं हो सकता है। पूरी पार्टी एक मंडली के हाथों में है। पार्टी में स्पष्टता की कमी है। भास्कर ने ये भी कहा कि आप के दो मंत्रियों का जेल जाना शर्मनाक है। बता दें कि सीबीआई ने हाल ही में दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को कथित आबकारी घोटाले में गिरफ्तार किया है। वहीं, मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूर्व मंत्री स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन जेल में हैं।भास्कर राव ने बताया कि वह पीएम मोदी से काफी प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि वह पीएम के कामों को देखकर बीजेपी में शामिल हुए। मुझे लगता है कि मैं भाजपा में अधिक योगदान दे सकता हूं। पीएम मोदी के विजन ने मुझे पार्टी में शामिल होने के लिए प्रेरित किया 11 महीने पहले हुए थे आप में शामिल बता दें कि भास्कर राव 11 महीने पहले बीते साल चार अप्रैल को ही आप में शामिल हुए थे। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने भास्कर राव को पार्टी की सदस्यता दिलाई थी।



## लेफ्टिनेंट जनरल एम वी सुचिंद्र कुमार नए थल सेना उप प्रमुख हुए नियुक्त, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर दी श्रद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार को नए भारतीय सेना उप प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू, जो अब तक सेना उप प्रमुख का पद संभाल रहे थे, उनको दक्षिण पश्चिमी सेना कमान में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां वह लेफ्टिनेंट जनरल एएस भिंडर की जगह लेंगे, जो 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार नियंत्रण रेखा पर 59 राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन, इन्फैंट्री ब्रिगेड और इन्फैंट्री डिवीजन की कमान संभाल चुके हैं। जनरल कुमार व्हाइट नाइट कोर की कमान भी संभाल चुके हैं। वह आर्मी हेडक्वार्टर में एडिशनल डायरेक्टर जनरल मिलिट्री इंटेलिजेंस और डायरेक्टर जनरल मिलिट्री इंटेलिजेंस के पदों पर रह चुके हैं। साल 2021 में उन्होंने असम रेजीमेंट और अरुणाचल स्काउट्स रेजिमेंट कर्नल ऑफ द रेजीमेंट की जिम्मेदारी भी संभाली है।



## जी20 बैठक में लगेगा जी7 देशों के मंत्रियों का जमावड़ा, रूस-चीन समेत कई देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** चीनी विदेश मंत्री किन गैंग ने मंगलवार को 2 मार्च को 320 बैठक में भाग लेने की पुष्टि की, लेकिन भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत के प्रमुख भागीदारों में से एक जापान का प्रतिनिधित्व संभवतः एक कनिष्ठ मंत्री द्वारा किया जाएगा। इस बीच, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव सबसे पहले भारत पहुंचने वाले मंत्रियों में से एक थे, जो मंगलवार रात यहां पहुंचे। संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन बुधवार को पहुंचेंग लावरोव और ब्लिंकन दोनों के बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ संबंधित द्विपक्षीय बैठकें होने की उम्मीद है। बता दें कि 3-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने वालों में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना, चीनी विदेश मंत्री किन गैंग, जर्मनी की एनालेना बेयरबॉक और ब्रिटिश विदेश सचिव जेम्स क्लेवरली आदि शामिल हैं।विदेश मामलों के लिए यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल फोंटेलस, इतालवी विदेश मंत्री एंटोनियो ताजन, ऑस्ट्रेलिया के पेनी वोंग, सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान, इंडोनेशिया के रेटनो मार्सुडी और अर्जेंटीना के विदेश मंत्री सैंटियागो कैफिएरो भी 320 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने वालों में शामिल हैं।भारत कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। भारत ने पिछले साल एक दिसंबर को जी-20 की अध्यक्षता संभाली। जी-20 के सदस्य देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार के 75 प्रतिशत से अधिक और दुनिया की आबादी के लगभग दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करते हैं।सदस्य देशों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं तथा यूरोपीय संघ भी इसका हिस्सा है।



## मुकेश अंबानी परिवार को विदेश तक में मिलेगा सुरक्षा, सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी और उनके परिवार के सदस्यों को पूरे भारत और विदेशों में उच्चतम जेड ⁺ सुरक्षा कवर प्रदान करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि भारत या विदेश में प्रतिवादी मुकेश अंबानी को उच्चतम स्तर कीं⁺ सुरक्षा कवर प्रदान करने का पूरा खर्च और लागत उनके द्वारा उठाया जाएगा। सुरक्षा कवर रहा है विवादों का विषय जस्टिस कृष्ण मुरारी और एहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने सोमवार को ये निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि उसने पाया कि प्रतिवादी मुकेश अंबानी और उनके परिवार को प्रदान किया गया सुरक्षा कवर विभिन्न स्थानों और विभिन्न उच्च न्यायालयों में विवाद का विषय रहा है।अदालत ने निर्देश जारी किए कि प्रतिवादी मुकेश अंबानी और उनके परिवार को पूरे भारत में और विदेश यात्रा पर उच्चतम ⁺ सुरक्षा कवर प्रदान किया जाए और इसे महाराष्ट्र राज्य और गृह मंत्रालय द्वारा सुनिश्चित किया जाए। प्रतिवादी मुकेश अंबानी को उच्चतम स्तर कीं ⁺ सुरक्षा कवर प्रदान करने का पूरा खर्च भारत या विदेश के क्षेत्र में उनके द्वारा वहन किया जाएगा। प्रतिवादी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी का तर्क है कि मुंबई पुलिस और गृह मंत्रालय और केंद्र सरकार द्वारा लगातार खतरे की धारणा के मद्देनजर प्रतिवादी को उच्चतम स्तर की जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की गई थी।



## महिलाओं के कमर्शियल वाहन खरीदने पर नहीं लगेगा टैक्स

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**पटना।** बिहार परिवहन विभाग का बजट आकार नए वित्तीय वर्ष में 40 करोड़ बढ़ाया गया है। इससे सस्ती एवं सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए ई-वाहन पर टैक्स में छूट, 15 जिलों में ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक बनाने और विभाग में नई नियुक्तियां करने जैसी बातों पर जोर दिया गया है। राज्य सरकार ने सस्ती एवं सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैट्री चालित यान एवं इलेक्ट्रिक वाहन की खरीद पर टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। वहीं व्यावसायिक ड्राइविंग लाइसेंस वाली महिलाओं को तिपहिया वाहन, टैक्सी, मोटर कैब आदि पर शत-प्रतिशत की छूट दी जा रही है। दिव्यांगों के द्वारा इस्तेमाल होने वाले वाहनों पर भी टैक्स विलोपित कर दिया गया है। परिवहन विभाग के द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस से पहले दक्षता जांच के लिए प्रत्येक जिले में ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक का निर्माण कराने की योजना है। इसमें सात जिलों में ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक का निर्माण पूरा कर लिया गया है, जबकि 15 जिलों में निर्माण जारी है।परिवहन विभाग में एक हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की जाएगी। विभाग में अपर जिला परिवहन एवं समकक्ष स्तर के 62, प्रोन्नति के 53, मोटरयान निरीक्षक के 128, प्रवर्तन अवर निरीक्षक के 250 पद, परिवहन हवलदार के 48 पद तथा चलंत दस्ता सिपाही के 500 पदों का सृजन किया गया है। चलंत दस्ता सिपाही के 350 पदों पर नियुक्ति कर ली गई है। प्रवर्तन अवर निरीक्षक के 209 पदों एवं मोटरयान निरीक्षक के 88 पदों पर नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। अपर जिला परिवहन पदाधिकारी के मूल कोटि के 30 पदों पर नियुक्ति कर ली गई है। राज्य में वाहनों की बिक्री और निबंधन में भी वृद्धि जारी है। वर्ष 2020-21 में 2,208 करोड़ जबकि 2021-22 में 2,475 करोड़ का राजस्व संग्रह किया गया था। इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में जनवरी तक 2321.04 करोड़ रुपये के राजस्व का संग्रहण किया गया है। कितना बढ़ा परिवहन बजट बिहार परिवहन विभाग का बजट आकार नए वित्तीय वर्ष में 40 करोड़ जरूर बढ़ा है, लेकिन योजना मद में राशि सात करोड़ की कटौती कर दी गई। पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभाग का बजट 394.18 करोड़ था, जो अगले वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़ाकर 434 करोड़ कर दिया गया। इसमें स्थापना मद की राशि भी 152 करोड़ से बढ़कर 198 करोड़ हो गई है। वहीं योजना मद में 242 करोड़ की राशि नए साल में घटाकर 235 करोड़ कर दी गई है।



## वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी बने पश्चिमी नौसेना कमान के प्रमुख

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मंगलवार को मुंबई मुख्यालय वाली पश्चिमी नौसेना कमान (डब्ल्यूएनसी) के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एफओसी-इन-सी) का पदभार संभाल लिया। उन्होंने वाइस एडमिरल अजेंद्र बहादुर सिंह का स्थान लिया जो सेवा से सेवानिवृत्त हुए। फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, वाइस एडमिरल त्रिपाठी ने रक्षा मंत्रालय (नौसेना) के एकीकृत मुख्यालय में कार्मिक प्रमुख के रूप में कार्य किया। वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी सैनिक स्कूल रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के पूर्व छात्र रह चुके है। उन्हें 1 जुलाई, 1985 को भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था। एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ है। उन्होंने नौसेना के कई अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों पर काम किया। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण परिचालन और स्टाफ नियुक्तियों को भी संभाला है जिसमें मुंबई में पश्चिमी बेड़े के फ्लीट ऑपरेशंस ऑफिसर, नेवल ऑपरेशंस के निदेशक, नई दिल्ली में प्रिंसिपल डायरेक्टर नेटवर्क सेंट्रिक ऑपरेशंस और प्रिंसिपल डायरेक्टर नेवल प्लान शामिल हैं। रियर एडमिरल के पद पर पदोन्नति पर, उन्होंने रक्षा मंत्रालय (नौसेना) के एकीकृत मुख्यालय में नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (नीति और योजना) के रूप में और फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग ईस्टर्न फ्लीट के रूप में भी कार्य किया।



## केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- मानसून सत्र में टेलीकाम बिल पारित करना बड़ा लक्ष्य

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** संचार और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने कई नीतिगत सुधार किए हैं, जिसने भारत को दूरसंचार उपकरण, अनुसंधान और विकास और 5जी रोलआउट का अग्रणी निर्माता बना दिया है। ऐसे में वैश्विक कंपनियां देश के दूरसंचार क्षेत्र में निवेश करने की इच्छुक हैं। प्रस्तावित टेलीकाम बिल के बारे में बात करते हुए संचार और आईटी मंत्री ने उम्मीद जताई कि यह संसद के आगामी मानसून सत्र में पारित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नीतिगत सुधारों, लाइसेंस तंत्र और दूरसंचार क्षेत्र के नियामक पहलुओं में आवश्यक गति लाएगा। इस अवसर पर संचार और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की कि बार्सिलोना में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में भारत को गवर्नमेंट लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारा अगला प्रमुख लक्ष्य आने वाले मानसून सत्र में टेलीकाम बिल को पारित कराना है।उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न मंत्रालयों, उद्योग प्रतिभागियों, वैश्विक निकायों और ट्राई और सीसीआई जैसे अन्य नियामकों से प्राप्त इनपुट पर काम कर रही है। 6जी के बारे में वैष्णव ने कहा कि भारत को पहले ही 100 पेटेंट मिल चुके हैं। उन्होंने आगे जानकारी दी कि 6उ के लिए एक रोडमैप तैयार करने के लिए गठित एक टास्क फोर्स ने अपना काम पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि कई देश अब भारत के स्वदेशी 4जी/5जी स्टैक को लागू करना चाहते हैं। वैष्णव ने कहा, 'आज के समय दुनिया भारत को सलाम कर रही है।'



## कांग्रेस ने अदाणी विवाद में मनी लॉन्ड्रिंग जांच नहीं कराने पर सरकार को घेरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के रायपुर महाधिवेशन में अदाणी समूह से जुड़े विवाद को लेकर राजनीतिक हमला तेज करने की घोषणा के अनुरूप पार्टी ने उद्योगपति गौतम अदाणी के भाई विनोद अदाणी से जुड़ी कथित मुखौटा कंपनियों (शेल कंपनी) के विदेशों से धन की आवाजाही करने की जांच नहीं कराने को लेकर सरकार पर निशाना साधा।पार्टी ने आरोप लगाया कि चाहे अदाणी समूह ने चाहे विनोद अदाणी पर लगे गंभीर आरोपों से पल्ला झाड़ लिया हो मगर सामने आ रहे तथ्यों से साफ है कि अदाणी समूह में उनकी केंद्रीय भूमिका है। ईडी-सीबीआई की ओर इशारा करे हुए कांग्रेस ने सरकार से पूछा है कि क्या देश की यह ताकतवर एजेंसियां इस प्रकरण में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच करेंगी। जयराम रमेश ने दस्तावेजों का हवाला देकर किया दावा कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने पार्टी महाधिवेशन के चलते पांच दिनो के अंतराल के बाद हम अदाणी के हैं कौन श्रृंखला के तहत कांग्रेस की ओर से पूछे जा रहे सवालों की मंगलवार को नई किश्त जारी की। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह ने 29 जनवरी को बयान जारी कर विनोद अदाणी के पास किसी तरह की प्रबंधकीय जिम्मेदारी नहीं होने की बात कह पल्ला झाड़ लिया था, मगर स्टॉक एक्सचेंजों में दायर किए गए विभिन्न ज्ञापनों में बताया गया है कि अदाणी समूह का मतलब 'एसबी अदाणी फैमिली ट्रस्ट, अदाणी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड, अदाणी ट्रेडलाइन एलएलपी, गौतम अदाणी, राजेश अदाणी, विनोद एस अदाणी।'जयराम रमेश ने कहा कि हमें मालूम हुआ है कि 18 मार्च 2020 को अहमदाबाद में कंपनी रजिस्ट्रार को भेजे अदाणी समूह के पत्र में कहा गया है कि 'कंपनी के प्रमोटर विनोद एस अदाणी ने महत्वपूर्ण लाभकारी हित में परिवर्तन की सूचना दी है।' इस पत्र पर अदाणी एंटरप्राइजेज के कंपनी सचिव जतिन जालूंधवाला के हस्ताक्षर हैं जिससे स्पष्ट है कि विनोद केंद्रीय भूमिका में है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि विनोद के करीबी सहयोगी जयचंद जिंगरी मॉरीशस स्थित अदाणी ग्लोबल में एक पूर्व निदेशक हैं जो अदाणी एक्सपो?टर्स की एक सहायक कंपनी है जिसे 2006 में अदाणी एंटरप्राइजेज का नाम दिया गया था। जयराम ने पूछा कि क्या इन फंडों को भी अवैध रूप से पूर्व सूचना दे दी गई थी कि एफपी ओर कर दिया जाएगा और उनका निवेश केवल अदाणी समूह की साख बचाने के लिए किया जा रहा है और क्या यह हेराफेरी गंभीर जांच के योग्य नहीं है।



# मुठभेड़ में मारे गए अरबाज की मां आई सामने,पुलिस सौंपेगी शव



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उमेश पाल मर्डर केस में शामिल 50 हजार के इनामी अरबाज के पुलिस एनकाउंटर में मारने जाने के बाद भी उसका पिता आफाक सामने नहीं आया। धूमनगंज पुलिस ने बताया कि अरबाज की मां मिली हैं। मंगलवार को पुलिस ने उसके परिजनों को बुलाकर पंचनामे की कार्रवाई शुरू की। पोस्टमार्टम के बाद उसके शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।सोमवार दोपहर नेहरू पार्क मोड़ के पास धूमनगंज इंस्पेक्टर राजेश मौर्या की टीम गाड़ी चेक कर रही थी। उसी वक्त बाइक सवार अरबाज गुजरा। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो वह भागने लगा। वायरलेस पर सूचना दी गई। क्राइम ब्रांच प्रभारी विनोद यादव, सर्विलांस प्रभारी राजेश उपाध्याय और शंकरगढ़ एसओ मनोज सिंह की टीम ने चारों तरफ से घेर लिया था।

# मंत्री ने परिजनों के पोछे आंसू बोले- यहां योगी सरकार है हत्यारों को पाताल से भी ढूंढ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री प्रो. एसपी सिंह मंगलवार को करीब 2:45 बजे उमेश पाल के घर पहुंचे। मंत्री के पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। मां शांति पाल मंत्री से लिपट कर रोने लगीं। मंत्री ने कहा कि उन्हें डरने की जरूरत निकालेगी। यूपी में योगी आदित्यनाथ की सरकार है, ऐसे में उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री प्रो. एसपी सिंह मंगलवार को करीब 2:45 बजे उमेश पाल के घर पहुंचे। मंत्री के पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। मां शांति पाल मंत्री से दें, ताकि वह अपनी बात कह सकें। सीएम या तो उनके घर आ जाएं या फिर उनके परिवार को दो मिनट के लिए बुला लें। शांति का कहना था कि वह अपने बेटे को इंसाफ दिलाने के लिए अंतिम दम तक लड़ेंगी। मंत्री ने कहा कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। इस समय प्रदेश



नहीं है। इस समय प्रदेश में योगी की सरकार है, अपराधियों को कहीं भी छिपने की जगह नहीं मिलेगी। प्रयागराज के सुलेम सराय स्थित घर पर मंगलवार को ढांढस बंधाने के लिए केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री प्रो. एसपी सिंह जैसे ही पहुंचे, उमेश पाल के पुत्र आदित्य और पुत्री काव्या लिपट कर रोने लगे। मां शांति और पत्नी जया पाल बिलखते हुए उनसे इंसाफ मांगने लगीं। मंत्री ने परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि उमेश की हत्या में शामिल बदमाश पाताल में भी छिपे होंगे, सरकार उन्हें ढूंढ लिपट कर रोने लगीं। उन्होंने बताया कि झोले में बम लेकर अतीक अहमद के शूटर आए थे। उमेश को घेरकर गोली मारी और बम चलाने लगे। बचने का कोई मौका ही नहीं दिया। शांति का कहना था कि उनके बेटे उमेश की हत्या में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी के साथ ही उन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। शांति ने मंत्री के सामने अपने परिवार की की जान को खतरे का अंदेशा भी जताया और सुरक्षा की गुहार भी लगाई। उन्होंने मंत्री से कहा कि एक बार सीएम योगी से उन्हें मिलवा में योगी की सरकार है, अपराधियों को कहीं भी छिपने की जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि उमेश की हत्या करने वाले बदमाश जमीन के भीतर भी होंगे तो सरकार उन्हें बाहर निकाल कर सजा जरूर दिलाएगी। मंत्री ने बताया कि वह इस घर में कम से कम 25 बार आ चुके हैं। उमेश के प्रति अपने आत्मीय संबंधों का भी वह हवाला देते रहे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में प्रदेश सरकार में मंत्री रहे एसपी सिंह बघेल ने ही उमेश पाल को भाजपा की सदस्यता दिलाई थी।

# पीसीबी और हालैंड हाल हॉस्टल के छात्र भिड़े जमकर हुई मारपीट, एक छात्र घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ भवन के सामने पीसीबी और हालैंड हर छात्रावास के अंतवासियों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। कक्षा में धक्का-मुक्की की घटना के बाद छात्रसंघ भवन के सामने दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान जमकर लाठी-डंडे और राड चले। मारपीट की घटना में वैभव नाम पर छात्र घायल हो गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। अभी तक किसी भी तरफ से थाने में तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मारपीट किस कारण से हुई इसका भी फिलहाल पता नहीं चल पा रहा है। मारपीट के चलते मौके पर अफरातफरी मची रही।



# माफिया अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के आवास पर चला बुलडोजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज के धूमनगंज थाना इलाके के कालिंदीपुरम कसारी मसारी स्थित शाइस्ता परवीन के आवास पर पीडीए का बुलडोजर कार्रवाई कर रहा है मौके पर भारी फोर्स मौजूद है। पीडीए के अफसर निकाल दिया है। विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या के मामले में शाइस्ता परवीन, अतीक अहमद, इनके पुत्रों और अतिक के भाई अशरफ समेत दर्जन भर लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उमेश पाल



मौके पर भी हैं। प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड में पूर्व सांसद अतीक अहमद के करीबियों पर एक्शन चल रहा है। प्रयागराज में अतीक के करीबियों पर बुलडोजर चल रहा है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण अवैध संपत्ति पर कार्रवाई कर रहा है। प्रयागराज के धूमनगंज थाना इलाके के कालिंदीपुरम कसारी मसारी में यह कार्रवाई चल रही। मौके पर भारी फोर्स मौजूद है। पीडीए के अफसर मौके पर हैं। चकिया कसारी मसारी स्थित शाइस्ता परवीन के आवास पर पीडीए का बुलडोजर कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान कई थानों की फोर्स आरएएफ के जवान और पीडीए के कर्मचारी मौजूद हैं। कार्रवाई के दौरान रास्ते को दोनों तरफ से सील कर दिया गया है। इस दौरान किसी को आने जाने नहीं दिया जा रहा है। घर से पीडीए के कर्मचारियों ने समान बाहर हत्याकांड में नामजद अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन फरार है। पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है। चकिया में वह अपनी जिस बहन के घर रहती हैं, वहां से वह घटना के दूसरे दिन ही निकल गईं थीं। उसके पास से शाइस्ता का कुछ पता नहीं है। इस मामले में अफसरों का कहना है कि नामजद सभी लोगों की तलाश की जा रही है। शाइस्ता भी उनमें से एक हैं।आपको बता दें कि उमेश पाल की हत्या में नामजद गुड्डू मियां, 22 साल पहले एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में खोराबार थाने से जेल जा चुका है। उसकी गिरफ्तारी बिहार के बेउर जेल के सामने से हुई थी। वहां एक बड़े नेता के हत्या की सुपारी लेने गया था। जेल के बाहर से तत्कालीन एसओजी प्रभारी ओपी तिवारी ने गुड्डू और सुल्तानपुर के उसके एक साथी को गिरफ्तार किया था। उस समय पूछताछ में सामने आया था कि बेउर जेल में बंद गोरखपुर के बदमाश ने गुड्डू को पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसी बड़े नेता की हत्या की सुपारी दी थी। इसी सिलसिले में उससे मिलने बेउर जेल आया था। बाद एसओजी टीम को यह भी पता चला कि गुड्डू कुख्यात श्रीप्रकाश शुक्ला का खास गुर्गा रह चुका है। पश्चिम में श्रीप्रकाश के साथ गुड्डू ने कई आपराधिक मामलों को अंजाम दिया था। तत्कालीन पूछताछ टीम में शामिल सूत्र के मुताबिक, गुड्डू मियां ने बताया था कि उसके गिरोह के सभी बदमाश अब मारे जा चुके हैं। वह अकेला बचा है। आपको बता दें कि चर्चित बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की शुक्रवार शाम स्वचालित हथियार से गोली मार कर हत्या कर दी गई। उनकी सुरक्षा में लगे दो गनर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक की मौत हो गई। जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शुक्रवार की शाम 5:15 बजे उस वक्त हुई जब उमेश जिला कचहरी से कार से धूमनगंज स्थित अपने घर पहुंचे थे। घटना के बाद हमलावर बाइक से भाग निकले थे। सुरक्षा में तैनात गनर संदीप निषाद की भी उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरे गनर राघवेंद्र सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है। शहर पश्चिम के विधायक रहे राजू पाल की 25 जनवरी 2005 को धूमनगंज इलाके में हत्या कर दी गई थी। इस मामले में उनके रिश्तेदार और दोस्त उमेश पाल मुख्य गवाह थे। उमेश ने लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में राजू पाल हत्याकांड की पैरवी की थी। इसी कारण अतीक गिरोह से उनकी खुलेआम दुश्मनी हो गई थी। मामले में रोजाना नए-नए खुलासे हो रहे हैं।

# एनकाउंटर के खौफ में अतीक के बेटे असद ने डाली सरेंडर अप्लीकेशन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उमेश पाल मर्डर केस का मुख्य आरोपी अतीक का बेटा असद भाई अशरफ, शूटर गुलाम और बमबाज गुड्डू मुस्लिम नामजद हैं। इनके अतीक और अशरफ पहले



असद को एनकाउंटर का डर सताने लगा है। उसने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में आत्मसमर्पण करने की अर्जी दी है। कोर्ट ने धूमनगंज पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। दो मार्च को इस प्रकरण पर सुनवाई होनी है। वहीं इस अर्जी के बाद पुलिस टीम और सतर्क हो गई है। कोर्ट में सादे में पुलिस लगी है। उमेश पाल की हत्या में अतीक अहमद उनकी पत्नी शाइस्ता, बेटा से जेल में बंद हैं। अन्य आरोपी फरार है। इनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पुलिस की टीमें छापामारी कर रही है। पुलिस ने शूटरों की कार चलाने वाले अरबाज को एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस और एसटीएफ लगी है। पुलिस की दस टीमें ताबड़तोड़ छापामारी कर रही है। इसी खौफ में अतीक के बेटे ने कोर्ट में सरेंडर करने के लिए अर्जी दी है।

# रेलवे स्टेशन प्रयागराज पर 33,000,00/ रुपया तैतीस लाख रुपया 01 संदिग्ध व्यक्ति के पास से बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** रेलवे मे हो रही अपराधिक घटनाओं के दृष्टिगत रखते हुए घटनाओं की रोक थाना हेतु श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री ए0 सतीश गणेश, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे श्री एस0के0 सिंह, पुलिस




उपमहानिरीक्षक श्री अनन्त देव, पुलिस अधीक्षक रेलवे श्री ए0पी0 सिंह, पुलिस उपाधीक्षक रेलवे श्री सुनील कुमार सिंह द्वारा कड़े निर्देश दिये गये थे, निर्देश के क्रम मे चलाये जा रहे अभियान के फलस्वरुप दिनांक 25/26.02.2023 को रेलवे स्टेशन प्रयागराज पर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे गठित टीम के सदस्यों द्वारा चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नं0 04/05 के दिल्ली इण्ड गाड़ी संख्या 12308 जोधपुर हावड़ा सुपर फास्ट एक्स के जनरल कोच से 01 संदिग्ध व्यक्ति प्रतीत हुआ । तथा संदिग्ध व्यक्ति से पूछाताँछ की गयी तो संदिग्ध व्यक्ति ने बताया कि उसके बैग मे 3300000 रुपये है रुपयो के सम्बन्ध मे संदिग्ध व्यक्ति से पूछताँछ की गयी तो वह संदिग्ध व्यक्ति कोई स्पष्ट जानकारी नही दे सका न ही कोई स्पष्ट दास्तावेज दिखा पाया, जिसको संदिग्ध प्रतीत होने पर थाना हाजा पर लाकर बैग खोलकर विडियोग्राफी कराते हुए पैसे उसी से गिनवाया गया तो कुल 33,000,00 (तैतीस लाख रुपये) थे । संदिग्ध व्यक्ति रुपयों के बारे मे स्पष्ट दास्तावेज नही दिखा पाया । उक्त प्रकरण के सम्बन्ध मे निदेशक जाँच अधिकारी आयकर विभाग जनपद प्रयागराज को जानकारी दी गयी अग्रिम कार्यवाही आयकर विभाग अधिकारी द्वारी की जायेगी । संदिग्ध व्यक्ति का नाम पताः सचित दत्तु गारले पुत्र दत्तु गारले निवासी गारलेवाड़ी पोस्ट कलेढ़ोण तालुका खटाव जनपद सातारा महाराष्ट्र उम्र लगभग 29 वर्ष **पूछताँछ का दिनांक व स्थान** - दिनांक 25/26.02.2023 रेलवे स्टेशन प्रयागराज दौरान प्लेटफार्म नं0 04/05 के दिल्ली इण्ड गाड़ी संख्या 12308 जोधपुर हावड़ा सुपर फास्ट एक्स के जनरल कोच से ।






# शूटआउट का मास्टरमाइंड सदाकत की अखिलेश यादव के साथ फोटो वायरल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बहुजन समाज पार्टी के विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल हत्याकांड में शूटरों की गाड़ी चलाने वाले था।अतीक ने उसे बरेली जेल में बंद अपने भाई अशरफ से भी मिलने के लिए कहा था।अशरफ से मिलने के बाद शूटरों का नाम और पूरा षणयंत्र रचा गया था।ये पूरा खुलासा गिरफ्तार सदाकत खान मीडिया पर सामने आई। प्रयागराज सीपी रमित शर्मा ने मंगलवार को एक सनसनीखेज खुलासा किया।सीपी ने बताया कि इस हत्याकांड की साजिश मुस्लिम हॉस्टल के कमरे में रची



आरोपी ड्राइवर अरबाज को कल पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है। अरबाज पूर्व सांसद माफिया अतीक अहमद के बेटे का ड्राइवर बताया जा रहा है।पूरे षणयंत्र का भी खुलासा हुआ है। गुजरात की साबरमती जेल में बंद अतीक के इशारे पर उमेश पाल हत्याकांड का पूरा षणयंत्र रचा गया और इसके बाद शूटरों ने इसे अंजाम दिया।पुलिस ने 7 आ?ोपियों पर इनाम घोषित कर दिया है। जेल में मिलने पहुंचे व्यक्ति से माफिया अतीक अहमद ने दो लोगों की डिटेल्स बताई थी और उन्हें इस षणयंत्र में शामिल होने के लिए कहा से एऊइ की पूछताछ में हुआ है। इस बीच उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य षणयंत्र रचने वाले सदाकत खान की फोटो सामने आई है।एलएलबी का छात्र सदाकत सपा का करीबी निकला है।सदाकत माफिया अतीक अहमद के परिवार का भी करीबी था।सोशल मीडिया पर सदाकत खान की फोटो पूर्व मुख्यमंत्री सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ वायरल हो रही है।अखिलेश यादव के साथ अतीक अहमद के बेटे अली अतीक अहमद के साथ भी सदाकत की फोटो सोशल गई थी।वारदात में शामिल एक साजिशकर्ता सदाकत खान पुत्र शस्मशाद खान को यूपी एसटीएफ ने अरेस्ट किया है। वो गाजीपुर का रहने वाला है। सीपी ने बताया कि सदाकत एलएलबी का छात्र बताया जा रहा है, जो कि मुस्लिम हॉस्टल में रह रहा था। सदाकत से पूछताछ की जा रही है। सीपी ने बताया कि सोमवार को मुठभेड़ में मारा गया अरबाज पुत्र अफाक 50 हजार का इनामी था।इसका अपराधी इतिहास खंगाला जा रहा है। इस मुठभेड़ में एसएचओ को चोट आई है।

# बलिया-छपरा खण्ड पर बकुलहाँ-सहतवार रेल दोहरीकरण का डीआरएम ने किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया/वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल द्वारा रेल यात्रियों को समय से उनके गंतव्य तक पहुंचाने व मालगाड़ियों के निर्बाध संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता



प्रदान करते हुए सम्पूर्ण मंडल के रेल पथों का अविरामगति से दोहरीकरण एवं मूलभूत ढाँचों के विकास कार्य प्रगति पर है। रेल संरक्षा आयुक्त मो0 लतीफ खान ने आज अपने संरक्षा निरीक्षण के उपरान्त सहतवार से बकुल्हाँ डाउन लाइन एवं बकुल्हाँ से सहतवार अप लाइन पर अधिकतम 120 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से स्पीड ट्रायल पूरा किया। इस दौरान वाराणसी मंडल द्वारा रेल पथ के दोहरी करण की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है,जिसके अंतर्गत आज मंगलवार को वाराणसी मण्डल के बलिया-छपरा खण्ड पर स्थित बकुलहाँ-सहतवार (24.50 किमी)रेलखण्ड के विद्युतीकरण के साथ दोहरीकृत लाइन का मोहम्मद लतीफ खान रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर पूर्वी सर्किल द्वारा संरक्षा निरीक्षण किया गया। इस दौरान डीआरएम व रेल संरक्षा आयुक्त मो लतीफ खान ने आज अपने संरक्षा निरीक्षण के उपरान्त सहतवार से बकुल्हाँ डाउन लाइन एवं बकुल्हाँ से सहतवार अप लाइन पर अधिकतम 120 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से स्पीड ट्रायल भी पूरा किया रेल संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान अपने निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले बकुल्हाँ स्टेशन पहुँचे और किमी सं 21/5-6 पर स्थित स्टेशन पर नियंत्रण पैनल,संरक्षा से जुड़े कार्यालयों, संरक्षा सम्बन्धी अभिलेखों,संरक्षा मानकों के दृष्टिकोण से नए उपकरणों के संस्थापन,नए निर्माणों में सुरक्षा मानकों सहित अन्य परिचलनिक व्यवस्थाओं को जाँचा तथा संरक्षा सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों की सक्षमता एवं मेडिकल रिकॉर्ड भी चेक किया। इस दौरान मोटर ट्रॉली से सहतवार के लिए रवाना हुए और किमी 41/5-6पर स्थित समपार फाटक सं 14 ण् का गहन संरक्षा निरीक्षण किया और सेफ़्टी गियरों का परीक्षण करते हुए किमी सं 46/9 से 47/0 तक निर्मीत माइनर ब्रिज का निरीक्षण किया फाउंडेशन की गुणवत्ता परखते हुए किमी सं 47/3-4पर स्थित सहतवार स्टेशन पहुँचे और स्टेशन पर दोहरीकृत स्टेशन का वर्क प्लान,डायग्राम एवं संरक्षा उपकरणों के संस्थापन के मानकों की जांच की। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)एससी श्रीवास्तव, मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी रामाश्रय पाण्डेय, मुख्य इंजीनियर जनरल एसके मौर्या,मुख्यइंजीनियर (निर्माण)आशुतोष मिश्रा, मुख्य सिगनल इंजीनियर, आरके सिंह,मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण)ओ0 पी0सिंह,मुख्य इलेक्ट्रिकल डिजाइन इंजीनियर, सुरेश कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रास्ट्रक्चर) राहुलश्रीवास्तव समेत पूर्वोत्तर रेलवे बीजी निर्माण संगठन व वाराणसी मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को बताया कि रेलवे के विज्ञप्ति जारी किए जाने तक सहतवार-बकुल्हाँ लगभग 24.5 किमी रेलखण्ड का स्पीड ट्रायल किया जाना बाकी है। अप एवं डाउन दोनों लाइनों पर स्पीड ट्रायल किया जाना है जिसके बाद तुरंत अपडेट किया जाएगा।

# सीबीआई ने मेडिकल कॉलेज जाने वाले सभी अधिकारी व पुलिसकर्मियों का मांगा नाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** कानपुर के कारोबारी मनीष गुप्ता हत्याकांड में अग्रेतर विवेचना कर रही सीबीआई ने मौत



वाली रात मेडिकल कॉलेज गए सभी अधिकारियों व पुलिसकर्मियों का नाम मांगा है। गोरखपुर पुलिस से सीबीआई ने 27 सितंबर 2021 की रात व अगले दिन का ब्योरा मांगा है। साथ ही कंट्रोल रूम की गतिविधियों व पांच थानों की जनरल डायरी की प्रमाणित कॉपी भी मांगी है। खबर है कि तीन मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट में इसकी सुनवाई होनी है, इस लिहाज से सीबीआई तैयारी कर रही है। सीबीआई लखनऊ के सीओ एमके जायसवाल ने गोरखपुर एसएसपी को इस संबंध में पत्र भेजा है। सीओ ने पत्र के जरिये पूछा है कि 27 सितंबर 2021 की रात में रामगढ़ताल पुलिस, जब घायल मनीष को लेकर बीआरडी मेडिकल कॉलेज गई थी तो कौन-कौन से अन्य अफसर पहुंचे थे। उस समय पुलिस और प्रशासन के मौजूद अफसरों के नाम और मोबाइल फोन नंबर को मांगा गया है। साथ ही पुलिस कंट्रोल रूम से 28 सितंबर 2021 को क्या-क्या निर्देश जारी हुए थे, इसकी जानकारी देने के साथ ही लॉग बुक की प्रमाणित कॉपी भी देने को कहा गया है। सीबीआई की ओर से सीओ ने 27 सितंबर,28 सितंबर व 29 सितंबर की रामगढ़ताल, कैंट, शाहपुर, चिलुआताल और गुलरिहा थाने की जनरल डायरी (जीडी) की भी प्रमाणित कॉपी मांगी है।

# संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे पर लटकता मिला अधेड़ का शव, हत्या या आत्महत्या

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जाफरपुर।** स्थित कांशीराम



कॉलोनी निवासी अखिलेश सिंह बुधवार की सुबह अपने कमरे में ही संदिग्धावस्था में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। मृतक आरटीओ कार्यालय के पास पान की दुकान चलाता था। एक सप्ताह पूर्व ही उसने अपने पुत्र की शादी भी की थी। आजमगढ़ में सिधारी थाना अंतर्गत कांशीराम कालोनी जाफरपुर में एक शख्स का लटकता शव मिलने से हड़कंप मच गया। अधेड़ का शव बुधवार की सुबह उसके आवास पर ही फांसी के फंदे पर लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जाफरपुर स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी अखिलेश सिंह (52) बुधवार की सुबह अपने कमरे में ही संदिग्धावस्था में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। मृतक आरटीओ कार्यालय के पास पान की दुकान चलाता था। एक सप्ताह पूर्व ही उसने अपने पुत्र की शादी भी की थी। वह मूल रुप से शहर कोतवाली के अतलस पोखरा का निवासी था। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं चर्चा तो इस बात की भी है कि हत्या कर शव को फंदे से टांगा गया है। फिलहाल कोई तहरीर नहीं पड़ी है। पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल की कवायद में जुटी है।

# भाई के साथ मायके जा रही विवाहिता का एक्सीडेंट, चार साल की बेटी ने मौके पर तोड़ा दम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** चकिया थाना क्षेत्र के कौड़िहार गांव निवासी रिंकू की पत्नी



नजमुनिशा सोमवार की रात अपनी चार वर्षीया पुत्री सलमा को लेकर अपने मायके सकलडीहा थाना क्षेत्र के दौलतपुर में बाइक से भाई निजामुद्दीन के साथ जा रही थी। जैसे ही वह सदर कोतवाली क्षेत्र के जसौली गांव के समीप पहुंची कि एक वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस दौरान चार साल की सलमा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। चंदौली में सदर कोतवाली क्षेत्र के जसौली गांव के समीप नेशनल हाईवे पर सोमवार की देर रात एक वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान बाइक सवार चार साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। वहीं उसकी मां नजमु (30) और मामा निजामुद्दीन (28) घायल हो गए। घटना के बाद लोगों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों छोड़ दिया गया। वहीं मासूम के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चकिया थाना क्षेत्र के कौड़िहार गांव निवासी रिंकू की पत्नी नजमुनिशा सोमवार की रात अपनी चार वर्षीया पुत्री सलमा को लेकर अपने मायके सकलडीहा थाना क्षेत्र के दौलतपुर में बाइक से भाई निजामुद्दीन के साथ जा रही थी। जैसे ही वह सदर कोतवाली क्षेत्र के जसौली गांव के समीप पहुंची कि एक वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस दौरान चार साल की सलमा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उसकी मां नजमु निशा और मामा निजामुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। वहीं शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई। मासूम की मौत के बाद से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# त्रिलोचन घाट पर नहाते समय युवक की डूबने से मौत, दो घंटे के बाद मिला शव लेकिन फिर भी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** एनडीआरएफ की टीम ने निजी गोताखोरों के साथ मिलकर करीब 2 घंटे तक पानी में तलाश करने के बाद युवक के शव को बरामद कर बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। घाट पर पर सुबह दस बजे के करीब एक युवक नहा रहा था। नहाते वक्त वह गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख घाट पर मौजूद कुछ लोगों ने रस्सी फेंक कर उसे बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन युवक रस्सी नहीं पकड़ सका और डूब गया। बाद में मामले की सूचना



उसकी जिंस औप शर्ट मिली है। आदमपुर थाना क्षेत्र के त्रिलोचन घाट पर बुधवार की सुबह नहाते वक्त गंगा में 18 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। घाट पर मौजूद लोगों ने जब युवक को डूबता देखा तो रस्सी फेंक कर उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह गहरे पानी में समा गया। घटना की सूचना पाकर आदमपुर पुलिस और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। एनडीआरएफ की टीम ने निजी गोताखोरों के साथ मिलकर करीब 2 घंटे तक पानी में तलाश करने के बाद युवक के शव को बरामद कर बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। घाट पर उसकी जिंस औप शर्ट मिली है। मृतक के पास से ऐसी कोई चीज नहीं मिली है जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस शव को कब्जे में लेकर युवक के शिनाख्त की कोशिश कर रही है। त्रिलोचन घाट पाकर पुलिस और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। त्रिलोचन से गोलाघाट के बीच डूबने से जा चुकी है कइयों की जान आदमपुर अन्तर्गत पड़ने वाले त्रिलोचन घाट से गोलाघाट के बीच गहरे पानी में जाने से कइयों की जान जा चुकी है। कुछ की तो लाश तक नहीं मिली। दरअसल, त्रिलोचन से गोलाघाट के बीच घाट की ऊंचाई अन्य घाटों से काफी ज्यादा है। जिसके कारण गंगा स्नान करने वालों को पानी के गहराई का पता नहीं चल पाता है। इसके अलावा इन घाटों के बीच बोल्डर भी पानी में डाले गए हैं। जिसपर से गंगा स्नान करने वाले फिसल कर गहरे पानी में चले जाते हैं। जिला प्रशासन के द्वारा अबतक इन घाटों पर न तो कोई चेतावनी से संबंधित बोर्ड लगाया गया है और नाही किसी प्रकार की वाटर बैरिकेडिंग की गई है। ताकि लोग गहरे पानी की ओर न बढ़ सके।

# क्रय केंद्र से चौकीदार ही चुरा रहा था धान, रात के अंधेरे में हो रहा ये कांड, चारों गए जेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** कोतवाली क्षेत्र के उसरी गांव निवासी किसान प्रेम प्रकाश पांडेय गांधीनगर स्थित धान क्रय केंद्र पर दो ट्रैक्टर ट्राली धान क्रय केंद्र पर दो ट्रैक्टर ट्राली धान सोमवार को ले गए। एक ट्रैक्टर ट्राली का तौल हो गया। देर रात होने के कारण दूसरे ट्रैक्टर ट्राली का तौल नहीं हो पाया। इससे



सोमवार को ले गए। एक ट्रैक्टर ट्राली का तौल हो गया। देर रात होने के कारण दूसरे ट्रैक्टर ट्राली का तौल नहीं हो पाया। इससे किसान ने धान वही केंद्र के बाहर रखवा दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर स्थित धान क्रय केंद्र पर तौल के लिए रखे धान को बोरे में भर रहे चौकीदार समेत चार लोगों को किसानों ने सोमवार की रात पकड़ लिया। इसके बाद किसानों ने चारों आरोपियों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बाद में पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर चारों को जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के उसरी गांव निवासी किसान प्रेम प्रकाश पांडेय गांधीनगर स्थित धान किसान ने धान वहीं केंद्र के बाहर रखवा दिया। धान केंद्र पर लावारिस बाहर होने पर उसकी निगरानी के लिए किसान मध्यरात्रि को घर से अचानक केंद्र पर पहुंचा तो अहरौरा के खाजगीर निवासी चौकीदार कमलेश, इलिया थाना क्षेत्र के सिहर गांव निवासी दो पल्लेदार और भवन स्वामी मिलकर किसान का धान को बोरे में भर रहे थे। किसान ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे कोतवाल मुकेश कुमार चोरी के दो बोरा धान के साथ चारों को पकड़ कर कोतवाली ले आये और आवश्यक कार्रवाई के बाद मंगलवार की सुबह उन्हें जेल भेज दिया।

# फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**गाजीपुर।** शहर कोतवाली के फुल्लनपुर-हुसैनपुर निवासी एक युवक का शव मंगलवार की सुबह कमरे में लटका मिला। परिजनों ने आत्महत्या की आशंका जाहिर की है। परिजनों ने सुबह में जब कमरे का दरवाजा बंद देखा तो तोड़कर सतीश कुमार बिंद (20) के शव को बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस का कहना है कि परिजनों के मुताबिक युवक पढाई-लिखाई को लेकर तनाव में था। संभवतः उसने इस की वजह से ऐसा कदम उठाया होगा। मालूम हो कि सतीश बिंद पुत्र महेंद्र बिंद अपने नाना-नानी के यहां रहकर पढ़ाई करता था। सोमवार की रात वह खाना खाकर कमरे में सोने गया। अंदर से दरवाजा बंद कर सो रहा था। मंगलवार की सुबह परिजनों ने जब दरवाजा खुलवाया तो नहीं खुला। इसके बाद दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया गया तो उसका शव फंदे से लटकता मिला। शहर कोतवाल तेजबहादुर सिंह ने बताया कि युवक के आत्महत्या की सूचना मिली थी। पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।


100% Placement
सीधे प्रवेश
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
15% Fee Concession
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
➩ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरा एक घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला/सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के जवारीडाड़ के समीप एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर रोड पर मीटर पहले एकाएक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिसमें वह घायल हो गया स्थानीय लोगों के मदद से डॉयल 108 न0 एम्बुलेंस




गिरा गया जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरुषोत्तम पुत्र दशरथ उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी पंचमखाड़ी ग्राम पंचायत पनारी जो डाला से गुरमुरा के तरफ आरहा था कि जवारीडाड़ से लगभग सौ के द्वारा घायल को चोपन भेजवा दिया गया। चोपन सीएचसी से मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार का एक पैर टूट गया हैं और अंदरुनी चोटे आने कारण घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# डाला में पीस कमेटी का मीटिंग हुआ संपन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चोपन/सोनभद्र।** डाला पुलिस चौकी परिसर में होली व शबेए



वाराफात पर्व के मद्देनजर चौकी इंचार्ज डाला के अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न आज मंगलवार शाम चार बजे के करीब डाला पुलिस चौकी परिसर में होली एवं सबेए बाराफात त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक की गई। वहीं डाला नगर के क्षेत्र में होलिका दहन के स्थानों पर , सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। बैठक में आए सभी लोगों से शांति व सौहार्द के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ लोगों अपने-अपने क्षेत्र के बारे में जानकारी दी वहीं डाला चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार गुप्ता ने सभी से विशेष अपील करते हुए कहा कि सभी क्षेत्रवासी प्रेम,सौहार्द व उत्साह के साथ इस त्यौहार को पूरे उमंग व शांति व्यवस्था कायम रखते हुए मनाएं। अपने समाज में रह रहे लोगों का ख्याल रखते हुए नशे में बिल्कुल भी वाहन ना चलाएं इसका विषेष रूप से ध्यान रखना होगा वहीं श्री गुप्ता जी ने कहां की होली पर अराजकता फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।अराजकता फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उपस्थित लोगों में हनुमान सिंह,भैरो बाबा,सुभाष पाल,शाहनवाज शाह, सुगेनी प्रसाद, कमलाप्रसाद, सूर्यभान, उमाशंकर गोड, इस त्यक, जंगी बिंद, मनीष तिवारी, डाक्टर राकेश, रोहित पाठक, हंसराज चौधरी, राजेश्वर शुक्ला, राजेश्वर ,रियाज अहमद, शाकीर मसूरी, रामनारायण गौड़ आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति को किया जाये सक्रिय -रवि कुमार


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश के क्रम में जिला प्रोवेशन अधिकारी राजेश कुमार खैरवार के आदेश पर विकास खण्ड




करमा के सभागार में खण्ड विकास अधिकारी रवि कुमार की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय ब्लॉक बाल कल्याण एवम संरक्षण समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,महिला शक्ति केंद्र, बाल विवाह टास्क फोर्स की बैठक आहुत की गई जिसमे जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक द्वारा प्रतिभाग कर बच्चो की प्रति हिंसा उत्पीड़न को रोकने हेतु प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया और अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिये ब्लाक स्तरीय कार्ययोजना बनाये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिससे बाल विवाह न हो यदि बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल कार्यवाही की जा सके । जिला बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई जिसके सम्बन्ध में जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया की परित्यक्त एवं देख-रेख व संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों हेतु प्रवर्तकता कार्यक्रम के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी , जिसमें प्रतिमाह बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य हेतु धनराशि रू0-2000.00 दिये जाने का प्राविधान है बैठक में सहायक विकास अधिकारी बृजेश सिंह वरिष्ठ सहायक विंध्यवासिनी मिश्रा (लहरी ),बाल विकास परियोजना से सुपर वाइजर शशिप्रभा महिला मोर्चा से आभा सिंह, ग्राम विकास अधिकारी छोटेलाल यादव, ग्राम प्रधान, ग्राम रोजगार सेवक ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व अन्य ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

# मनमाना पैसा वसूल करने वाले पैथालाजी एवं डायग्नोस्टिक सेंटर पर कार्रवाई के लिए दिया ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश सरकार के युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित संगठन युवक मंगल दल के


युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल/विकास दल विभाग
सौरभकान्त पति तिवारी
युवक मंगल दल सोनभद्र
पत्रांक :
दिनांक :

कार्यकर्ताओं ने कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह एंव महामंत्री साहिद खान के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी मुख्याल को ज्ञापन सौंपकर अवैध एंव मनमाने तरीके से संचालित पैथालॉजी एंव डायग्नोस्टिक सेंटर पर कार्रवाई की मांग की है।संगठन के जिला महामंत्री साहिद खान ने बताया कि संगठन के सभी साथी जिलाधिकारी से मिलकर अपनी बात कहना चाहते थे परंतु जिलाधिकारी के कार्यलय में न होने के कारण उपजिलाधिकारी मुख्यालय को मांग पत्र सौंपा गया।साहिद खान ने बताया कि जनपद भर में संचालित अवैध पैथॉलाजी एंव डायग्नोस्टिक सेंटर की वजह गरीब,आदिवासियों से मनमाना पैसा वसूलने के बावजूद भी गलत रिपोर्ट दी जा रही है।जिससे उनका स्वास्थ्य खराब हो जा रहा है और उनको अपनी जान गवानी पड़ रही है।किसी भी सेंटर पर किसी भी प्रकार के जांच का मूल्य चस्पा नही है।निजी अस्पतालों द्वारा निर्धारित जगहों पर ही जांच करवाने का दबाव बनवाया जाता है,मरीज द्वारा यदि हॉस्पिटल द्वारा निर्धारित जगह पर जांच नही कराई जाती है तो वो रिपोर्ट स्वीकार नही की जाती।जिला उपाध्यक्ष चंद्रभान गुप्ता ने कहा कि एक ही रजिस्ट्रेशन पर कई जगह जांच केंद्र का संचालन किया जा रहा है।कई जगह तो बिना रजिस्ट्रेशन के भी केंद्र का संचालन किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि यहाँ के गरीब,मजदूर एंव आदिवासियों का शोषण किया जा रहा है।सभी पैथालाजी पर अनट्रेंड कर्मियों द्वारा जांच की जा रही है।जिसके कारण गलत रिपोर्ट आ रही है और उसी गलत रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर दवा भी दे दे रहे है जिसका सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और कइयों को तो अपनी जान तक गवानी पड़ रही है।उन्होंने कहा कि आदिवासी और अत्यंत पिछड़ा जनपद होने के कारण यह जनपद भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जनपद के रूप में भी चयनित है।बावजूद इसके बिना मूल्य निर्धारण के जांच का मनमाना पैसा वसूल किया जा रहा है।संगठन के कार्यकर्ताओं ने सभी पैथालाजी एंव डायग्नोस्टिक सेंटर का संचालन कर रहे कर्मियों की डिग्री एंव सरकार के गाइडलाइन के अनुसार निर्धारित मानको की भी जांच कराने की मांग की है।कार्यकर्ताओ ने कहा कि हमारा संगठन जनहित के कार्य के साथ-साथ सरकार के लिए भी कार्य करता है।सरकार गरीबों के लिए तमाम योजनाएं चलाती है लेकिन मानवता को ताक पर रखकर कार्य करने वाले कुछ लोगों की वजह से सरकार की छवि धूमिल की जा रही जिसे वो लोग बर्दाश्त नही करेंगे।वहीं प्रदेश सरकार के यूथ आइकॉन सौरभ कान्त पति तिवारी ने कहा कि यदि जल्द ऐसे जांच केंद्रों पर कार्रवाई नही की जाती है तो वो मुख्यमंत्री जी से मिलकर इसमे लिप्त लोगों पर कार्रवाई की मांग करेंगे।उक्त अवसर पर अशोक दूबे,अजय कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# डॉ बृजेश बने हिमालय उड बैज स्काउट मास्टर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** नेशनल ट्रेनिंग सेंटर पचमढ़ी मप्र द्वारा आयोजित सात दिवसीय एच डब्ल्यू बी प्रशिक्षण में डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह ब्लाक स्काउट मास्टर नगवा ने एलओसी श्री हरिश चंद श्रीवास्तव के निर्देशन में हिमालय उडबैज कोर्स 2022 सफलता पूर्वक पूर्ण किया. डॉ बृजेश ने 2017 में बेसिक कोर्स एलओसी श्री छित्तू राम के निर्देशन में एवं 2019 में एडवांस कोर्स एल ओ सी श्री दिनेश



सिंह के निर्देशन में पूर्ण किया था. डॉ बृजेश महादेव ने बताया कि नेशनल ट्रेनिंग सेंटर पचमढ़ी मप्र द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर हिमालय वुड बैज प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है. इस बार यह प्रशिक्षण प्रदेश के ट्रेनिंग सेंटर प्रयागराज में आयोजित किया गया था जिसमें प्रदेश भर के चार दर्जन से अधिक स्काउट मास्टरों ने प्रतिभाग किया. स्काउटिंग के क्षेत्र में डॉ बृजेश एक सक्रिय स्काउट मास्टर हैं. आप स्वतंत्र रूप से ज्ञानोदय स्काउट दल का संचालन भी कर रहे हैं जिसके माध्यम से अब तक तीन दर्जन से अधिक बच्चों को तृतीय सोपान तक पहुचाया है साथ ही हजरों बच्चों को प्रथम एवं द्वितीय सोपान का प्रशिक्षण कराया है. प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त अरविन्द कुमार श्रीवास्तव की छत्रछाया में ग्रुप ए को हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव (लीडर आफ कोर्स) का आशीर्वाद एवं काउंसलर डॉ सुनिल कुमार सिंह, पी आर पाण्डेय, शिवेन्द्र सिंह का कुशल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तथा ग्रुप बी को नजीर मुकाबिल (लीडर आफ कोर्स), लाखन सिंह, पवन कुमार राठी, सत्यनारायण कनौजिया का आशीर्वाद प्राप्त हुआ. श्याम बाबू का स्नेह क्वाटर मास्टर के रूप में मिला. उन्होंने बताया कि यह कैंप मेरे लिए गौरवपूर्ण रहा. स्काउटिंग के माध्यम से अनुशासन और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ा, मैं परिपक्व स्काउटर नहीं हूं पर स्काउटिंग मेरे रोम रोम में मौजूद है यहीं कारण है कि कोरोना काल में मैंने स्काउटिंग से ही प्रेरित होकर कैंप क्लास चलाया था जिसका प्रसारण दूरदर्शन और रेडियो चैनल पर भी हुआ था. एक स्काउटर की हैसियत से कोरोना काल में अपनी टीम के साथ सेवा कार्य भी करने में पीछे नहीं रहा. हिमालय उडबैज कोर्स स्काउटिंग विधा की सबसे कठिन ट्रेनिंग है. इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जनपद सोनभद्र के पदाधिकारियों में सर्वश्री डॉ प्रबोध कुमार सिंह मुख्य आयुक्त काशी प्रसाद मौर्य सचिव कयूम अहमद कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह संगठन आयुक्त सैयद अनवर हुसैन प्रशिक्षण आयुक्त एवं जिला स्काउट मास्टर श्रीमती नीरा देवी जिला गाइड कैप्टन सहित मंडल एवं जिला स्काउट परिवार और शुभचिंतकों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# भंडारे में श्रद्धालुओ ने किया प्रसाद ग्रहण उमामहेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम मंदिर परिसर में चलया गया आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** उमामहेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम मंदिर परिसर में नौ



दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं रामकथा के पांचवें दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। समूचा यज्ञ पंडाल वेद मंत्रों व जयकारे से गुंजायमान रहा। समापन 4 मार्च को गरीब कन्याओं की शादी के साथ होगा। भंडारे में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के आयोजक/ संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि उमा महेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ, रामकथा एवं गरीब कन्याओं का शुभ विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विराट रूद्र महायज्ञ आचार्य राधाकृष्ण तिवारी, आचार्य राजेश त्रिपाठी, आचार्य व्यास रामजी शास्त्री समेत आठ आचार्यो द्वारा प्रतिदिन संपन्न कराया जा रहा है। प्रतिदिन हरिद्वार से आए कथा व्यास राघवेंद्र चार्य जी महाराज एवं रामजी शास्त्री व्यास द्वारा दोपहर दो बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक रामकथा का पान कराया जत् रहा है। इसके बाद शाम साढ़े पांच बजे से आरती कार्यक्रम संपन्न हुआ। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने यह भी बताया कि गरीब कन्याओं की शादी 4 मार्च को होगी। यज्ञ नारायण भगवान के मुख्य यजमान रामपति साहू, उनकी धर्मपत्नी कुंती साहू, गणेश अग्रवाल उनकी पत्नी रंजना अग्रवाल, बाल ब्रह्मचारी शिवनारायण पाल, सालिक राम साहू, एडीएम घोरावल राजनारायण तिवारी, रेवती तिवारी, सुरेश गिरी, रामखेलावन,, प्रभु नारायण, मकासूदन सिंह, श्रीकांत दुबे समेत तमाम लोगों ने रूद्र महायज्ञ, रामकथा व आरती पूजन में शामिल रहे। इसमें भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट कसारी रामगढ़, सोन विंध्य गंगा सेवा संस्कृति संस्थान, श्री शिव पार्वती मंदिर सेवा समिति शिवद्वार व विराट रूद्र महायज्ञ समिति ओबरा के पदाधिकारी,सदस्य व कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष संत रामनिवास शुक्ल, मंत्री डाक्टर परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव पुष्कर, उपाध्यक्ष सालिक राम साहू, ब्लाक प्रमुख दीपक कुमार सिंह, संरक्षक हरीश अग्रवाल, संरक्षक गणेश अग्रवाल, संरक्षक श्रीकांत दुबे, संरक्षक चेखुर पांडेय, संरक्षक हीरालाल बैसवार, कोषाध्यक्ष सुरेश गिरी,संरक्षक शैलेंद्र दुबे, मंत्री विनोद कुमार तिवारी, महामंत्री राजू कुमार, संरक्षक मधुसूदन सिंह, संरक्षक रमाकांत दुबे, संरक्षक जवाहिर दुबे व उदय प्रताप सिंह, धीरज सिंह, जुगुल किशोर, हीरालाल, राजबहादुर सिंह,राजनारायण पाल, रमापति साहू व बुधवंत जी का विशेष योगदान है। उन्होंने शिवद्वार में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है।

# एसपी सोनभद्र द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले 5 ,उप निरीक्षक गण एव दो मुख्य आरक्षी को अगं वस्त्र से सम्मानित कर विदाई दी



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र से कुल 07 पुलिसकर्मी अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए । इस अवसर पर पुलिस लाइन चुर्क सभागार कक्ष में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों हेतु विदाई समारोह आयोजित किया गया । पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा विदाई समारोह में सम्मिलित होकर सभी को उपहार, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देकर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना कर शुभकामनाओं सहित विदाई दी गयी । इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण द्वारा भी सेवानिवृत होने वाले पुलिसकर्मियों को अपनी शुभकामनायें दी गई ।

**सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की सूचीः-** 1. उ0नि0ना0पु0 जवाहर सिंह यादव 2. उ0नि0ना0पु0 समर बहादुर सिंह 3. उ0नि0ना0पु0 डोला राम 4. उ0नि0ना0पु0 वीरेन्द्र कुमार सिंह 5. उ0नि0स0पु0 भूपेन्द्र सिंह 6. मुख्य आरक्षी रामलाल सिंह यादव 7. मुख्य आरक्षी अमला सिंह यादव।

# 9 वर्षीय नाबालिग लडकी के साथ दुष्कर्म करने वाले दोषी गुड्डू को मिली सजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** साढ़े चार वर्ष पूर्व 9 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई



करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी गुड्डू कोल को उम्रकैद एवं 50 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक घोरावल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने एक सितंबर 2018 को घोरावल थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 26 अगस्त 2018 की रात में उसकी 9 वर्षीय नाबालिग बेटी को घोरावल थाना क्षेत्र के महांव गांव निवासी गुड्डू कोल पुत्र बिहारी कोल उठाकर ले गया और उसके साथ छेड़खानी व बलात्कार किया। बेटी को सुबह छोड़ दिया। जब बेटी घर आई तो आप बीती बताई। जब गुड्डू को पकड़ने के लिए गए तो वह भाग गया। एक सितंबर को पकड़ में आया है और उसे पकड़ने में चोट भी लगी है। आवश्यक कार्रवाई की मांग किया। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में गुड्डू कोल पुत्र बिहारी कोल निवासी महांव, थाना घोरावल, जिला सोनभद्र के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी गुड्डू कोल को उम्रकैद एवं 50 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 50 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# महिला का अपहरण करने के पश्चात जान से मारने कि धमकी देने वाले अभियुक्त कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** वादी निवासी थाना राबट्र्सगंज, जनपद सोनभद्र के द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि विपक्षी अजीत मौर्या पुत्र श्याम नारायण मौर्या निवासी आमडीह, थाना राबट्र्सगंज, जनपद सोनभद्र द्वारा वादी की नाबालिक लड़की उम्र करीब 14 वर्ष को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व गाली गुप्ता देना तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना रॉबट्र्सगंज पर मु0अ0सं0-81/2023 धारा 363, 504, 506 भादवि बनाम अजीत मौर्या पुत्र श्याम नारायण मौर्या निवासी आमडीह थाना राबट्र्सगंज जिला सोनभद्र पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी नगर को विशेष निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के क्रम में आज दिनांक 28.02.2023 को थाना रॉबट्र्सगंज पुलिस मुखबिर की सूचना पर आमडीह तिराहे के पास से उक्त घटना कारित करने वाले वांछित अभियुक्त को पकड़ लिया गया। अभियुक्त गिरफ्तारी का विवरण निम्नवत्- **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-** 1. अजीत मौर्या पुत्र श्याम नारायण मौर्या निवासी आमडीह थाना राबट्र्सगंज जिला सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष

**गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीमः-** 1. उ0नि0 जितेन्द्र कुमार, प्रभारी चौकी सुकृत, थाना रॉबट्र्सगंज, जनपद सोनभद्र । 2. आरक्षी अभिषेक कुमार गौतम, चौकी सुकृत, थाना राबट्र्सगंज, जनपद सोनभद्र । 3. आरक्षी शशिकान्त सरोज, चौकी सुकृत, थाना राबट्र्सगंज, जनपद सोनभद्र ।



# दुष्कर्म एव एससी /एसटी एक्ट के प्रकरण मे वांछित एक अभियुक्त कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**चोपन पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग अन्तर्गत धारा 376, 504, 506 भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा घटना में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिये गये विशेष निर्देश के क्रम में आज दिनांक-28.02.2023 को थाना चोपन पुलिस द्वारा अभियुक्त कविशंकर यादव पुत्र रामकिशुन यादव उर्फ रामकेश निवासी ग्राम वेलकप, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तार अभियुक्त-** 1-कविशंकर यादव पुत्र रामकिशुन यादव उर्फ रामकेश निवासी ग्राम वेलकप, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 26 वर्ष ।



# यूपी एसटीएफ ने डॉ ऋतु गर्ग को किया गिरफ्तार, 13 मार्च तक के लिए जेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर ।** यूपी एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संतुष्टि आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल मिर्जापुर की डायरेक्टर डॉ. ऋतु गर्ग का गिरफ्तार किया है। यूपी एसटीएफ ने डॉ ऋतु गर्ग को आयुष कॉलेज में एडमिशन के फर्जीवाड़े के मामले में 13 मार्च तक जेल भेज दिया है। बता दें कि डॉ. ऋतु गर्ग डॉक्टर संजय गर्ग की पत्नी हैं। डॉ. ऋतु गर्ग को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम विशेष न्यायालय रमाकांत प्रसाद की अदालत में पेश किया गया। जहां उन्हें 13 मार्च तक के लिए जेल भेजा गया। सरकारी वकील नीरज कुमार श्रीवास्तव ने अपने बयान में कहा कि डॉ. ऋतु गर्ग को बिना नीट परीक्षा के आयुष कॉलेजों में गलत तरीके से 982 छात्रों को प्रवेश दिलाने के मामले में जेल भेजा गया है। उनके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिले हैं, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई है।



# घंटी बजाकर होगी इंदौर टेस्ट मैच की शुरुआत, इस बड़ी वजह के चलते टॉस के बाद होगा खास समारोह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट मैच 1 मार्च से शुरू होगा। यह टेस्ट मैच इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम की तरफ से पैट कमिंस की गैर-मौजूदगी में स्टीव स्मिथ टीम की कप्तानी करते खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम के सामने एक बड़ी पीतल की घंटी लगाई गई है। ऐसे में हर दिन खेल के शुरू होने से पांच मिनट पहले खेल से जुड़े तमाम दिग्गज घंटी बजाकर खेल शुरू करने का संकेत देंगे। गौरतलब है कि घंटी बजाकर मैच शुरू करने की परम्परा लाड्र्स लंदन प्रतिमा को मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के प्रस्तावित म्यूजियम में रखा जाएगा। यह समारोह टॉस के तुरंत बाद होगा।भारतीय टीमः रोहित शर्मा, केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, श्रीकर भरत, अक्षर



नजर आएंगे। वहीं, रोहित शर्मा (दप्र् एर्प्र्) तीसरे टेस्ट मैच में जीत हासिल कर सीरीज पर कब्जा करने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे। खास बात तो यह है कि तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत घंटी बजाकर की जाएगी।इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत घंटी बजाकर की जाएगी। बता दें कि इस टेस्ट मैच के अवसर पर विशेष रूप से होलकर स्टेडियम स्थित और ईडन गार्डन कोलकाता सहित कई मैदानों पर निभाई जाती है। ऐसे में मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन भी अब होलकर स्टेडियम में इस परंपरा को जारी रखेगा। इस टेस्ट मैच से पहले दोनों कप्तानों, एमपीसीए के पदाधिकारी, संजय जगदाले और रिचर्ड होलकर की मौजूदगी में भारत के पहले टेस्ट कप्तान स्व. सी.के. नायडू की प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा। इस पटेल, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, शुभमन गिल, ईशान किशन, कुलदीप यादव, सूर्यकुमार यादव, जयदेव उनादकट, उमेश यादव। ऑस्ट्रेलिया टीमः उस्मान ख्वाजा, ट्रैविस हेड, मार्नस लैबुशेन, स्टीवन स्मिथ, मैट रेनशॉ, पीटर हैंड्सकॉम्ब, एलेक्स केरी, नाथन लियोन, टॉड मर्फी, मैथ्यू कुह्नमैन, मिशेल स्टार्क, मिशेल स्वेपसन, कैमरून ग्रीन, स्कॉट बोलैंज, लांस मॉरिस।

# शतक के बाद गेंदबाजों ने की शानदार वापसी, पहले दिन के बाद मेजबान का स्कोर 314/8

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच सेचुंरियन में खेले गए पहले टेस्ट के पहले दिन का खेल काफी रोमांचक रहा। साउथ अफ्रीका टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका ने 8 विकेट के नुकसान पर 314 रन बनाए। निभाई और पहले विकेट के लिए 141 रन की साझेदारी की। एल्गर के 71 के स्कोर पर आउट होने के बाद मार्करम ने टॉनी जॉर्जी के साथ मिलकर 80 रनों की साझेदारी की। इसके बाद साउथ अफ्रीका टीम लगातार विकेट खोती गई और एडन 174 गेंदों पर 115 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, वेस्टइंडीज टीम की तरफ से



अफ्रीका टीम की तरफ से एडन मार्क्रम ने शानदार शतक जड़ा। उन्होंने लगभग 6 महीने बाद कमाल की वापसी की और टीम को एक मजबूत शुरुआत दी, लेकिन इसके बाद वेस्टइंडीज टीम के गेंदबाजों ने घातक गेंदबाजी की। मार्को यानसन (17ङ) और जेराल्ड कट्‌जी (11ङ) रन पर नाबाद है। दरअसल, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच के पहले दिन साउथ अफ्रीका ने शानदार शुरुआत की। इस मैच में एडन मार्क्रम ने लगभग 6 महीने बाद वापसी की। मार्करम ने मैच में डीन एल्गर के साथ सलामी बल्लेबाज की भूमिका अल्जारी जोसेफ ने 3.75 की इकॉनमी रेट से 3 विकेट चटकाए। इसके अलावा केमार रोच, काइल मेयर्स, शैनन गेब्रियल, जेसन होल्डर ने 1-1 विकेट हासिल किए। कप्तान बिना खाता खोले ही लौटे पवेलियन बता दें कि सलामी बल्लेबाज एल्गर के आउट होने के पहले कप्तान टेम्बा बवुमा बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटे। बावूमा जोसेफ के जाल में फंसे और ँ हो गए। शानदारी शुरुआत के बाद वेस्टइंडीज ने अच्छी वापसी की और 290 के स्कोर तक साउथ अफ्रीका के 7 विकेट आउट कर दिए थे।

# वर्ल्ड कप विजेता लियोनेल मेसी ने जीता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब, फ्रांस के स्टार को पछाड़ा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** लियोनेल मेसी ने अपने खाते में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। मेसी को साल 2022 के लिए फीफा का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया। मेसी ने 36 साल का सूखा खत्म करते हुए अर्जेंटीना को बनाने के अलावा 2021-22 में देश व क्लब के लिए कुल 49 मैचों में 27 गोल दागे।लियोनेल मेसी ने दूसरी बार फीफा के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का खिताब जीता। उन्होंने कहा, 'यह शानदार है। यह शानदार साल रहा और मेरे लिए गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी को छठा प्रीमियर लीग खिताब दिलाया था। वहीं एंसेलोटी ने रीयल मैड्रिड को चैंपियंस लीग खिताब दिलाया था।इंग्लैंड की मैनेजर सारिना विगमैन को साल का सर्वश्रेष्ठ महिला कोच चुना



वर्ल्ड कप चैंपियन बनाया था। उन्होंने इस टूर्नामेंट में सात गोल दागे थे। लियोनेल मेसी के हमवतन और कोच लियोनेल स्कालोनी को सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच चुना गया। स्कालोनी ने दक्षिण अमेरिकी को वर्ल्ड कप खिताब दिलाने के लिए मार्गदर्शन दिया। 35 साल के मेसी ने इस अवॉर्ड के लिए फ्रांस के फॉरवर्ड कायलिन मबापे और करीम बेंजेमा को पीछे छोड़ा। मेसी ने अर्जेंटीना को वर्ल्ड कप चैंपियन यहां आकर अवॉर्ड हासिल करना सम्मान की बात है। मेरे टीम साथियों के बिना मैं यहां नहीं होता। मैंने लंबे समय से देखा सपना हासिल किया। कुछ ही लोग इसे हासिल कर पाते हैं और मैं भी ऐसा करके भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं।' पेरिस में हुई सेरेमनी में अर्जेंटीना को वर्ल्ड कप खिताब दिलाने वाले कोच लियोनेल स्कालोनी ने पेप गार्डियोला और कार्लो एंसेलोटी को मात दी। गया। उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड को यूरोपीयन चैंपियनशिप खिताब दिलाने में मार्गदर्शन दिया था। यह टीम की पहली प्रमुख ट्रॉफी थी। एस्टन विला और अर्जेंटीना के ऐमिलियानो मार्टिनेज को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर जबकि इंग्लैंड की मैरी ईयरप्स को महिला पुरस्कार मिला। बार्सिलोना की एलेक्सिया पुतेलास को साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया।

# क्या आईपीएल 2023 नहीं खेलेंगे बेन स्टोक्स खुद ऑलराउंडर ने अपनी फिटनेस पर किया बड़ा खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स न्यूजीलैंड



के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। मैदान पर उनके बाएं घुटने पर चोट लगी थी, जिसके बाद वह लड़खड़ाते हुए मैदान से बाहर जाते हुए दिखें। उनके चोटिल होने के बाद यह काफी तेजी से चर्चा होने लगी कि क्या स्टोक्स की चोट ज्यादा गंभीर है तो आईपीएल 2023 में वह खेलते हुए नजर आएंगे या नहीं। हालांकि, स्टोक्स ने दूसरा टेस्ट मैच गंवाने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपनी फिटनेस पर बड़ा अपडेट दिया।दरअसल, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड टीम को महज 1 रन से हार का सामना करना पड़ा। मैच की शुरुआत में इंग्लैंड मजबूत स्थिति में था, लेकिन इंग्लिश टीम को मैच के पांचवे दिन न्यूजीलैंड से हार झेलनी पड़ी। मैच में मिली हार के बाद बेन स्टोक्स ने कहा, "मैच नहीं जीत पाना जाहिर-सी बात है काफी निराशाजनक तो है ही, लेकिन अगर आप व्यापक तस्वीर पर गौर करो तो हर किसी ने आज के मैच का आनंद लिया। हारना बेहद निराशाजनक है, लेकिन आप कुछ नहीं कर सकते। हां आज जो कुछ हुआ उसको लेकर मैं उत्साहित हूं कि मैं इस तरह के मैच का हिस्सा बना। खेलेंगे या नहीं ने खुद किया खुलासा दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टोक्स के चोटिल होने क बाद उनके आईपीएल 2023 खेलने पर संशय बना हुआ था। इस बीच स्टोक्स ने दूसरे टेस्ट मैच हारने के बाद साफ स्प्ष्ट कर दिया है कि वह आईपीएल 2023 खेलने जा रहे हैं। उन्होंने कहा,चिंता ना करें, मैं आईपीएल 2023 जरूर खेलूंगा। मैंने स्टीफन फ्लेमिंग के साथ बातचीत की है और वह मेरे बॉडी सिचुएशन से पूरी तरह से वाकिफ हैं। यह फिलहाल सप्ताह-हर-सप्ताह का मामला है। उसके बाद में ठीक हो जाउंगा। बता दें कि आईपीएल का आगामी सीजन 31 मार्च से शुरू होने जा रहा है। टूर्नामेंट का पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने कंगारू टीम को जीतने के लिए दिया खास गुरूमंत्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज माइकल कास्प्रोविच ने बुधवार यानी 28 फरवरी को एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने 1 एक तेज गेंदबाज के साथ उतरी थी, लेकिन टीम को छह विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। भारतीय टीम फिलहाल टेस्ट सीरीज में 2-0 से आगे चल रही



मार्च से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम को तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरने की सलाह दी है। कास्प्रोविक ने कहा कि तेज गेंदबाजी ऑस्ट्रेलिया की मजबूती है और टीम को अपने मजबूत पकड़ को बनाए रखा चाहिए। इसके साथ ही कास्प्रोविच ने क्या कहा आइए जानते हैं इस आर्टिकल के जरिए। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई टीम दिल्ली टेस्ट में तीन स्पिनर्स और पैट कमिंस के रूप में सिर्फ है। दोनों टीमों के बीच सीरीज का तीसरा मुकाबला इंदौर के होलकर स्टेडियम में 1 मार्च से खेला जाएगा। इस मैच से पहले कास्प्रोविच ने प्लेइंग-11 में बोलेंड को शामिल करने की वकालत करते हुए एसईएन रेडियो से कहा, हमें तीन स्पिनरों की जरूरत नहीं है। नाथन लियोन के साथ टाड मर्फी या मैथ्यू कुहेनमैन में किसी एक को जगह मिलनी चाहिए और बोलैंड को वापस टीम में शामिल किया जाना चाहिए। बोलैंड एक छोर से भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बना सकते हैं। पहले टेस्ट में मर्फी इसलिए विकेट लेने में सफल रहे क्योंकि भारतीय बल्लेबाज दूसरे छोर पर बोलैंड के विरुद्ध रन नहीं बना पा रहे थे। हमें कुछ अलग सोचना होगा। इंदौर में हमें कैमरन ग्रीन को अंतिम एकादश में शामिल करना चाहिए क्योंकि वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी भी कर सकते हैं।"भारतीय टीमः रोहित शर्मा, केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, श्रीकर भरत, अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, शुभमन गिल, ईशान किशन, कुलदीप यादव, सूर्यकुमार यादव, जयदेव उनादकट, उमेश यादव। ऑस्ट्रेलिया टीमः उस्मान ख्वाजा, ट्रैविस हेड, मार्नस लैबुशेन, स्टीवन स्मिथ, मैट रेनशॉ, पीटर हैंड्सकॉम्ब, एलेक्स केरी, नाथन लियोन, टॉड मर्फी, मैथ्यू कुह्नमैन, मिशेल स्टार्क, मिशेल स्वेपसन, कैमरून ग्रीन, स्कॉट बोलैंज, लांस मॉरिस।

# रवींद्र जडेजी ने ट्रेविस हेड को आउट करके हासिल की बहुत बड़ी उपलब्धि

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रहे टेस्ट मैच सीरीज के तीसरे मैच में भारतीय स्टार 5248 और 3783 रन बनाने के साथ 434 और 253 विकेट चटकाए हैं। जडेजा का शानदार फॉर्म जारी बताते चलें कि रवींद्र जडेजा को



ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने एक और कीर्तिमान हासिल कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 5000 से ज्यादा रन और 500 से विकेट लेने वाले रवींद्र जडेजा भारत के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। रवींद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ट्रेविस हेड को आउट कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 500 विकेट झटकने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। जानें क्या है कपिल देव का रिकॉर्ड इससे पहले भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने यह कारनामा किया था। कपिल देव ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 9031 रन बनाए हैं और 687 विकेट लेने में सफल रहे हैं। कपिल देव ने अपने करियर में खेले 131 टेस्ट और 225 वनडे में क्रमशः दूसरे टेस्ट मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवार्ड मिला था। यह आठवां मौका रहा, जब जडेजा को भारत में टेस्ट मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। इसके साथ ही उन्होंने महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। सचिन को भी टेस्ट में 8 बार प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला था।बता दें कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट मैच इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों ने इंदौर टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग 11 में दो-दो बदलाव किए हैं।



# राशिफल



**मेष-:**आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।

**वृष-:**आज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

**मिथुन-:**आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।

**कर्क-:**आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।

**सिंह-:**आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।

**कन्या-:**आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**तुला-:**आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।

**वृश्चिक-:**आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**धनु-:**आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।

**मकर-:** आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-:**आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।

**मीन-:**आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।






# विनेश फोगाट ने खेल मंत्री से की समिति के एक सदस्य को हटाने की अपील खबर लीक करने का लगाया आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ



के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर देश के पहलवानों ने महिला खिलाड़ियों के साथ यौन शोषण करने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद भारतीय ओलिंपिक संघ और फिर खेल मंत्रालय ने जांच समिति का गठन किया था, जिसमें ओलिंपिक पदक विजेता मैरी कॉम और योगेश्वर दत्त जैसे खिलाड़ी भी शामिल थे। लेकिन एक बार फिर से इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। हाल ही में विनेश फोगाट ने एक ट्वीट के जरिए खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से इस मामले की जांच कर रही दोनों कमेटियों में शामिल एक शख्स को समिति से हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि यह शख्स यौन उत्पीड़न की शिकायत के तथ्य लीक कर रहा है। दरअसल, हाल ही में विनेश फोगाट ने अपने ट्वीट में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को टैग कर समिति में से एक शख्स को हटाने की मांग की। उनका कहना है मुझे हाल ही में पता चला है कि ओवर साइट कमेटी का एक शख्स कथित तौर पर यौन उत्पीड़न की शिकायत के तथ्य को लीक कर रहा है। ऐसा मुझे मीडिया रिपोर्ट्स पढ़ कर पता चला। एक खिलाड़ी होने के नाते यह देखना बेहद निराशाजनक है कि ओवर साइट कमेटी के एक साथी खिलाड़ी सदस्य ने इतनी लापरवाही की। मैं चाहता हूं कि इस सदस्य को तुरंत ही कमेटियों से हटा देना चाहिए।इसके साथ ही विनेश ने कहा कहा कि ये सदस्य आईओए और खेल मंत्रालय द्वारा बनाई गई दोनों समितियों का हिस्सा है। विनेश ने लिखा, इस बात को गंभूरता से लिया जाए कि ये स्पोर्ट्सपर्सन दोनों समितियों का हिस्सा है जो डब्ल्यूएफआई के आधिकारी के ऊपर लगाए गए यौन शोषण के आरोपों की जांच कर रही है। अगर ये शख्स ऐसे ही जानकारी बाहर लीक करता रहेगा, तो इससे समिति के काम पर भरोसे करने में कमी आएगी। मैं इस समय सिर्फ कमजोर महसूस नहीं हो रहा , बल्कि ये भी लग रहा है कि एक पारदर्शी जांच को प्रभावित करने के संबंध में इस खिलाड़ी की साजिश है। मैं अपील करती हूं कि इस मामले में उस शख्स के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं जो अपनी पोजिशन का गलत उपयोग कर रहा है और उन्हें तुरंत समिति से बाहर किया जाए।

## सम्पादकीय

# महाशक्तियों के टकराव से त्रस्त विश्व, साल भर बाद अब रूस जीत नहीं सकता और यूक्रेन हार नहीं सकता

यूक्रेन पर रूस के हमले को साल भर पूरा हो गया। यह द्वितीय विश्व युद्ध के उपरांत बने वैश्विक ढांचे की हमारी समझ से जुड़ा एक अहम पड़ाव है। आरंभ में लग रहा था कि यह युद्ध कुछ ही दिनों की बात है, क्योंकि रूस और यूक्रेन की सैन्य शक्ति में कोई बराबरी नहीं थी, लेकिन इस युद्ध का दूसरे वर्ष में खिंचना यही दर्शाता है कि रूसी सेना अपने अतीत की दुर्बल छाया मात्र बनकर रह गई है। यूक्रेनवासी जिस तरह रोज रूस के विरुद्ध खड़े हो रहे हैं, वह यही स्मरण कराता है कि रणभूमि में मिलने वाली सफलता केवल विशुद्ध शक्ति एवं बल पर ही निर्भर नहीं करती। युद्ध में अपने संसाधनों का प्रभावी उपयोग अधिक मायने रखता है। रूस की कमजोरी कई स्तरों पर उजागर हुई है। इसके साथ ही यूक्रेन संभवतः पश्चिम और रूस के बीच संघर्ष के आखिरी अखाड़े के रूप में उभरा है कि शीत युद्ध के उपरांत यूरेशियाई सुरक्षा ढांचे को किस प्रकार आकार दिया जाए। अब यह एक ऐसे युद्ध में बदल गया है, जिसे न तो रूस जीत सकता है और न यूक्रेन उसमें परास्त हो सकता है। अब यह युद्ध पश्चिम और पुतिन के बीच अहं और इच्छाशक्ति की लड़ाई बनकर रह गया है। युद्ध के साल भर पूरा होने से ठीक पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन का दौरा किया। राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार अचानक यूक्रेन पहुंचे बाइडन ने यह दोहराया कि 'यूक्रेन के लोकतंत्र, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए' अमेरिका पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी के साथ उन्होंने मास्को को संदेश भी दिया कि खतरनाक दौर में पहुंचे टकराव के बीच वाशिंगटन की पीछे हटने की कोई मंशा नहीं। असल में यूक्रेन संकट ने ट्रांस-अटलांटिक साझेदारी और नाटो जैसे उन ध्रुवों को नए तेवर दिए हैं, जो अपनी चमक खो रहे थे। हालांकि म्यूनिख सिक्योरिटी कांफ्रेंस के दौरान युद्ध समाप्त कर वार्ता आरंभ करने के पक्ष में कुछ प्रदर्शन हुए, लेकिन यूरोपीय नीति-नियंताओं ने यही दोहराया कि वे हथियार निर्माण का दायरा बढ़ाकर यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति जारी रखेंगे। नाटो के महासचिव जेंस स्टोलेनबर्ग के अनुसार यूक्रेन बड़ी तेज गति से उनके हथियारों का इस्तेमाल कर रहा है। दिलचस्प है कि जर्मनी ने ही यूरोप को तेजी से हथियार आपूर्ति की मांग करने के साथ ही नाटो सहयोगियों से रक्षा पर जीडीपी के दो प्रतिशत के बराबर लक्ष्य पर सहमति बनाने का आह्वान किया था। इस बीच रूसी सीमाओं तक नाटो की पहुंच को लेकर पुतिन के विरोध पर उनके हमले ने इसके विपरीत ही काम किया। इससे स्वीडन और फिनलैंड जैसे देशों का झुकाव भी नाटो की ओर हुआ है, जो दशकों तक तटस्थ बने रहे। यूक्रेन युद्ध से पहले ही उथल-पुथल से गुजर रहे वैश्विक शक्ति संतुलन की स्थिति चीन-रूस धुरी से और ध्रुवीकृत हो गई है। अमेरिका और यूरोप दोनों ने चीन को चेताया है कि यदि उसने रूस को किसी तरह की सैन्य मदद पहुंचाई तो इसके विध्वंसक नतीजे होंगे। चीन ने अभी तक रूस का समर्थन जरूर किया है, लेकिन उसे किसी प्रकार की मारक क्षमता प्रदान करने वाली मदद उपलब्ध नहीं कराई है। दूसरी ओर यूक्रेन को पश्चिम से अत्याधुनिक टैंक और हथियार मिल रहे हैं। ऐसे में चीन का जरा सा भी सामरिक सहयोग रूसी हमलों की क्षमताओं को बढ़ाने के साथ ही रणभूमि में टिके रहने की उसकी क्षमताओं को ही बढ़ाएगा। यदि पश्चिम इन दोनों देशों की धुरी को तोड़ने के लिए आगे नहीं आएगा तो उनके रिश्तों की यह कड़ी मजबूत होती जाएगी। बीजिंग में यह माहौल बनाने की कोशिश हो रही है कि यूरेशिया में बढ़ते हुए टकराव से वे आजिज आ गए हैं और शांति एवं किसी सहमति के स्वरों की पैरवी सुनाई पड़ रही है। हालांकि उसके ऐसे स्वरों में आलोचना के सुर भी हैं कि 'कुछ ताकतें' इस युद्ध को लंबा खींचना चाहती हैं। बीजिंग-मास्को साझेदारी के पीछे रणनीतिक पहलू प्रत्यक्ष दिखते हैं जिनके जल्द ही किसी तार्किक परिणति पर पहुंचने के आसार हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की भी चीन को आगाह कर चुके हैं इस युद्ध में रूस को उसकी मदद से विश्व युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इस युद्ध में चीन के प्रवेश से टकराव केवल यूरेशियाई युद्ध के रूप में ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके हिंद-प्रशांत क्षेत्र तक फैलने की आशंका होगी। महाशक्तियों के बीच संघर्ष जहां इस दौर के एक प्रमुख पहलू के रूप में उभरा है, वहीं यूक्रेन युद्ध से उपजे उन दुष्प्रभावों की अनदेखा किया जा रहा है, जिनसे दुनिया का एक बड़ा हिस्सा जूझ रहा है।



# कश्मीरी हिंदुओं के लिए काल बना कश्मीर, अफगानिस्तान सरीखा हो रहा है सिद्ध

बीते रविवार को कश्मीर में एक और कश्मीरी हिंदू संजय शर्मा की हत्या कर दी गई। क्यों? क्योंकि वह हिंदू थे। बस यही उनका 'दोष' था। इसी 'दोष' के कारण इसके पहले भी कई कश्मीरी हिंदू मारे जा चुके हैं। कहना कठिन है कि यह सिलसिला कब थमेगा, क्योंकि कश्मीर में बचे-खुचे कश्मीरी हिंदुओं की सुरक्षा के दावे सही नहीं साबित हो रहे हैं। कश्मीरी हिंदुओं के लिए कश्मीर एक तरह से अफगानिस्तान सरीखा सिद्ध हो रहा है। जैसे वहां चंद हिंदू-सिख ही बचे हैं, वैसे ही कश्मीर में भी। संजय शर्मा का परिवार उन गिने-चुने कश्मीरी हिंदुओं में से एक था, जिसने तब भी कश्मीर नहीं छोड़ा था, जब वहां आतंकवाद चरम पर था और कश्मीरी हिंदुओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा था। शायद उसे भरोसा रहा हो अपने आसपास के लोगों और कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था पर, लेकिन संजय शर्मा को इस भरोसे की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। इसी तरह से कीमत चुकाने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। संजय शर्मा एक बैंक में सुरक्षाकर्मी थे। चूंकि उनकी जान को खतरा था इसलिए वह बीते तीन-चार माह से ड्यूटी पर नहीं जा रहे थे। इसके बाद भी वह बच नहीं सके। वह पुलवामा के अच्छन गांव के रहने वाले थे। एक समय इस गांव में करीब साठ कश्मीरी परिवार थे, लेकिन आतंक के चलते वे वहां से पलायन कर गए। संजय शर्मा का परिवार इकलौता हिंदू परिवार गांव में बना रहा। संजय शर्मा की हत्या के बाद उनके तीन भाइयों को समझ नहीं आ रहा है कि वे पलायन कर जाएं या गांव में ही बने रहें? इस पर गौर करें कि आतंकियों को पूरे गांव में एक अकेला हिंदू परिवार बर्दाश्त नहीं हुआ। संजय शर्मा की हत्या के बाद जम्मू-कश्मीर प्रशासन और केंद्र सरकार के लिए कश्मीर में रह रहे मुट्ठी भर कश्मीरी हिंदुओं को इसके लिए मनाना कठिन होगा कि वे अपना घर-बार छोड़कर पलायन करने के बारे में विचार न करें। पता नहीं, बचे-खुचे कश्मीरी हिंदू क्या सोच रहे हैं, लेकिन यह एक तथ्य है कि पिछले वर्ष जब एक के बाद एक कश्मीरी हिंदू मारे गए थे तो उनकी एक खेप ने कश्मीर छोड़ने में ही अपनी भलाई समझी थी। ये सरकारी कर्मचारी थे। कश्मीर छोड़ने के पहले उन्होंने अपना स्थानांतरण जम्मू करने की मांग की थी। सरकार ने यह मांग ठुकरा दी। इसके बाद भी वे कश्मीर छोड़कर जम्मू आ गए। इस पर सरकार ने उनका वेतन रोक दिया। ऐसा करके सरकार ने एक तरह से उन्हें इसके लिए विवश किया कि वे कश्मीर जाकर नौकरी करें। इस विवशता के चलते कुछ कश्मीर लौटे भी हैं, लेकिन कहना कठिन है कि वे वहां स्वयं को सुरक्षित महसूस कर पा रहे होंगे। कश्मीरी हिंदू इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि करीब तीन महीने पहले प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत घाटी में काम कर रहे 56 कश्मीरी पंडित कर्मचारियों की सूची किस तरह आतंकी संगठनों तक पहुंचा दी गई थी। इसमें उनके कार्यस्थलों और आवास के बारे में भी जानकारी थी। इस सूची का जिक्र करते हुए आतंकी संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट ने कश्मीरी हिंदुओं को खत्म करने की धमकी दी थी। कश्मीरी हिंदू कर्मचारियों की सूची लीक करने का काम चाहे जिसने किया हो, यह आसानी से समझा जा सकता है कि कश्मीर में ऐसा चाहने वालों की कमी नहीं, जो यह चाहते हैं कि कश्मीरी पंडित यहां से चले जाएं। यह भी सहज ही समझा जा सकता है कि ऐसे लोगों की आतंकियों से साठगांठ है। कश्मीर में आतंकी जिस तरह कश्मीरी हिंदुओं को चुन-चुनकर निशाना बनाते चले आ रहे हैं, उससे उनमें दहशत पैदा होना स्वाभाविक है। आतंकी उनमें दहशत पैदा करने के लिए ही उन्हें निशाना बना रहे हैं। आतंकी और उनके समर्थक जब तक इस यकीन से भरे रहते हैं कि वे कश्मीरी हिंदुओं को निशाना बनाकर उन्हें आतंकित करने और अंततः कश्मीर छोड़ने के लिए विवश करने में सफल रहेंगे, तब तक उनकी ओर से उन्हें निशाना बनाया जाता रहेगा। इसे सरकार को भी समझना होगा और सुरक्षा एजेंसियों को भी। कश्मीर के हालात सामान्य होने के दावे को तब तक मान्यता नहीं मिलने वाली, जब तक वहां से जान बचाकर निकले कश्मीरी हिंदू अपने घरों को वापस नहीं लौटते। वर्तमान स्थितियों में कश्मीरी हिंदुओं की घर वापसी इसलिए आसान नहीं, क्योंकि वहां के हालात इसके अनुकूल नहीं। जब तक कश्मीरी हिंदू अपने घरों को नहीं लौटते, तब तक इस नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता कि वहां चुनाव करा दिए जाएं तो सब कुछ सही हो जाएगा। चुनाव कराने से पहले कश्मीरी हिंदुओं की वापसी सुनिश्चित की जानी चाहिए। वर्तमान में यह आसान नहीं। इस कठिन काम को आसान बनाया ही जाना चाहिए, भले ही इसके लिए वैसे कदम उठाने पड़ें जैसे इजरायल ने यहूदियों को बसाने के लिए उठाए थे। यह सही समय है कि सरकार कश्मीरी हिंदुओं को बसाने के लिए विशेष कालोनियां बनाए। जब तक हालात सामान्य नहीं होते तब तक इन कालोनियों में पूर्व सैनिकों को बसाया जाना चाहिए। अतीत में जब कश्मीरी हिंदुओं के लिए विशेष कालोनियां बनाने की पहल हुई थी, तो नेशनल कांफ्रेंस से लेकर पीडीपी तक ने इसका विरोध यह कहते हुए किया था कि यदि कश्मीरी हिंदुओं को वापस आना है तो वे पहले की ही तरह सबके बीच रहें। उनके सबके बीच रहने का मतलब है उनकी सुरक्षा को खतरे में डालना। भारत सरकार को यह संदेश देना ही होगा कि वह कश्मीरी हिंदुओं की वापसी कराकर ही रहेगी और यदि उन्हें निशाना बनाया जाएगा तो वह उनकी जगह पूर्व सैनिकों को बसाएगी। ऐसा करके ही आतंकियों और उनके समर्थकों को यह संदेश दिया जा सकेगा कि कश्मीरी हिंदुओं को निशाना बनाने से उन्हें उनका मकसद हासिल नहीं होने वाला।



# शहरों को मिले जीवंत स्वरूप, भारत के पास भी हो शहरों के निर्माण की अपनी शैली

पेरिस 19वीं शताब्दी की शुरुआत तक संकरी मध्यकालीन सड़कों वाला एक घिनौना यूरोपीय शहर था। एक ऐसा शहर जहां लोग भीड़भाड़ वाले घरों में रहते थे और हर जगह महामारी तथा सड़ांध फैली थी। 1851 में लुई-नेपोलियन बोनापार्ट (प्रसिद्ध बोनापार्ट का भतीजा) तख्तापलट करके फ्रांस की सत्ता में आया। उसी समय पेरिस के शहरी परिदृश्य को नया स्वरूप देने के लिए बड़ी कोशिश हुई। हरे-भरे स्थानों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया। पेरिस में 80 घरों के बीच कम से कम एक पार्क की व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जहां पहुंचने में लोगों को दस मिनट की पैदल दूरी से ज्यादा नहीं तय करना पड़े। इस तरह शहर के रूप-स्वरूप को नए सिरे से निखारा और संवारा गया। देखते-देखते पेरिस 'रोशनी का शहर' बन गया। दरअसल शहरों के पास भी अपना एक जीवंत व्यक्तित्व होना चाहिए। विशेष रूप से भारत के शहरों को देखें तो हमारे ऐतिहासिक मंदिरों से जुड़े शहरों की विलक्षणता है कि वहां मंदिरों के साथ बस्तियां बसी हैं। इस तरह पूरे शहर के साथ एक मंदिर अर्थव्यवस्था विकसित हुई है। इसके बावजूद भारत में तमाम ऐसे शहर हैं, जहां शहरी विकास की कोई रूपरेखा या विचार नदारद है। भारत में शहरों का निर्माण उपयोगितावादी या समृद्ध जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया है। इसमें स्थानीय परंपराओं और सांस्कृतिक प्रभावों की जानबूझकर उपेक्षा की गई है। विशेष रूप से कई जरूरी लाभों को देखते हुए भारत में अधिक शहरी हरित स्थानों की स्पष्ट दरकार है। वानस्पतिक उपलब्धता के साथ कार्बन के खतरे से निपटने के लिए यह हरित व्यवस्था शहरों के साथ जरूरी है। भारत के पास शहरों के निर्माण की अपनी समझ और शैली होनी चाहिए, जो उनकी विरासत और स्थिरता के इर्दगिर्द निर्मित हो। देश में शहरों के निर्माण और नियोजन के लिए पाठ्यक्रम में बदलाव और क्षमता वृद्धि की भी जरूरत है। देश में कालेजों में टाउन प्लानिंग संबंधित कोर्स का घोर अभाव है। इसके कारण देश को हर साल सिर्फ 700 टाउन प्लानर्स ही मिल रहे हैं। इस तरह लगभग 11 लाख प्लानर्स की कमी है। इस कमी को दूर करने के लिए और अधिक कालेज स्थापित करने की आवश्यकता है। जरूरत इस बात की भी है कि स्थानीय आइआइटी और एनआइटी के लिए एक समर्पित योजना विभाग बनाने पर जोर दिया जाए। इस बीच हमें भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप नियम-कायदे बनाने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे। इसके लिए क्षेत्रीयकरण पर जोर एक बेहतर तरीका है। आगे चलकर शहरों को अपने बाहरी इलाकों में आम सार्वजनिक भूमि की पहचान करने और वन भूमि में उनको रूपांतरित करने की योजना बनानी चाहिए। इसके जरिये भौगोलिक और जैव विविधता से समृद्ध क्षेत्रों को विशेष रूप से और संवर्धित तथा सुरक्षित किया जा सकता है। गौरतलब है कि दिल्ली-एनसीआर के रीजनल प्लान में महज दस प्रतिशत वनक्षेत्र सुरक्षित रखने का प्रविधान रखा गया है। अरावली से लगे गुरुग्राम में इस तरह की योजनात्मक प्रतिबद्धता इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि वहां यह बड़ा जलस्रोत है। हालांकि इस तरह के मास्टरप्लान को लागू करने के लिए स्थानीय वार्ड समितियों के साथ बेहतर समन्वय की आवश्यकता होगी। इस संबंध में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की नगर वन परियोजना एक आशाजनक पहल प्रतीत होती है। भारत में कम से कम 200 शहरी वन बनाने की बात की गई है। हालांकि यह कार्यान्वयन के स्तर पर बेहद लचर नजर आता है। वैसे इस तरह की कुछ पहल पहले भी हुई है, लेकिन उचित कार्यान्वयन के अभाव में अपेक्षित रूप से सफल नहीं हो पाईं। नतीजतन बेंगलुरु जैसे बड़े शहर में तुरहल्ली जंगल में कदाचार और अपशिष्ट डंपिंग की समस्या सामने आई है। हमें आगामी मास्टरप्लान में कुल और प्रति व्यक्ति शहरी वनक्षेत्र में वृद्धि पर बल देना चाहिए। हरित वानिकी को भी प्रोत्साहित किया जा सकता है। पुणे में वारजे वन का निर्माण इस दिशा में एक उल्लेखनीय कदम रहा। यह महाराष्ट्र की पहली शहरी वानिकी परियोजना मानी जाती है। इसमें 16 हेक्टेयर भूमि को जैव विविधता से समृद्ध क्षेत्र में परिवर्तित किया है, जिसमें पक्षियों की तमाम प्रजातियों, सरीसृपों और स्तनधारियों की पूरी श्रृंखला को शामिल किया गया है। इस दिशा में नागरिक समाज का प्रोत्साहन भी जरूरी है। इसके लिए चेन्नई में थुवक्कम एनजीओ एक मिसाल है, जिसके पास 1800 स्वयंसेवक हैं। इसकी मुहिम से तमिलनाडु के शहरी क्षेत्रों में 25 मियावाकी जंगल अस्तित्व में आए। इससे 9.2 एकड़ में 65 हजार से ज्यादा वृक्ष हरित आबोहवा सुनिश्चित कर रहे हैं। कुछ समय पहले तक गुरुग्राम में ऐतिहासिकता की एक यादगार निशानी थी-काम सराय। 1820 में निर्मित यह संरचना यात्रियों, व्यापारियों, सैनिकों और आम लोगों के लिए एक पड़ाव स्टेशन के रूप में बनाई गई थी। इस निर्माण में एक विशिष्ट औपनिवेशिक उपस्थिति थी, जिसमें व्यापक मोटी दीवारें और छत ऊंची थीं। बाद में इसका इस्तेमाल स्थानीय सदर बाजार में व्यापार के लिए आने वाले व्यापारियों के घोड़ों और बैलों के एक पड़ाव के रूप में होने लगा। 1975 तक स्थानीय शहर थाना इस क्षेत्र में स्थापित हो गया था। 1994 में फिल्म बैंडिट क्वीन के कुछ दृश्यों की वहां शूटिंग की गई थी।



# आहत होती संसदीय गरिमा, शोर और हंगामे के द्वारा कार्यवाही बाधित करना सदन का अवमान

संसद संवैधानिक जनतंत्र का शीर्ष मंच है, लेकिन संसद की प्रतिष्ठा और गरिमा पर संकट है। यह रुझान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की बीते दिनों लोकसभा में आपत्तिजनक टिप्पणियों से पुनः पुष्ट हुआ। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी अनर्गल आरोप लगाए थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाषण के आपत्तिजनक और असंसदीय अंश कार्यवाही से निकलवा दिए थे। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भाषण के आपत्तिजनक अंश निकालने के लिए लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सदन के विशेषाधिकार भंग का नोटिस दिया। राहुल गांधी ने नोटिस के उत्तर में स्वयं को सही सिद्ध करने का प्रयास किया, लेकिन इससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के कार्यक्रम में लोकसभा के भाषण के आपत्तिजनक अंशों को निकाले जाने की सार्वजनिक आलोचना भी की है। वह सरकार और अध्यक्ष को ही दोषी ठहरा रहे हैं। अध्यक्ष/सभापति का आसन सर्वोच्च होता है। कार्यसंचालन नियमों के अनुसार अध्यक्ष के विनिश्चय को चुनौती नहीं दी जा सकती। संसदीय नियमावली (नियम 353) के अनुसार सदन में आरोप लगाने से पूर्व अध्यक्ष और संबंधित व्यक्ति को सूचना देना अनिवार्य है। इस मामले में उन्हें अध्यक्ष और पीएम को सूचना देनी चाहिए थी। कांग्रेस के अन्य सांसदों के विरुद्ध भी विशेषाधिकार भंग का नोटिस विचारणीय है। उन पर सदन में अव्यवस्था फैलाने, सदन के 'वेल' में आने, नारेबाजी और कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप हैं। विपक्षी सांसदों के इस आचरण से संसद की गरिमा को चोट पहुंची है। सदन की कार्यवाही को विनियमित करना अध्यक्ष का अधिकार है। अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति यही कर रहे हैं। आज कांग्रेस इसकी निंदा कर रही है, लेकिन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय सरकारी प्रस्ताव के माध्यम से 63 सांसदों का निलंबन हुआ था। तब कांग्रेस ने उसे सही ठहराया था। आज केवल विशेषाधिकार के नोटिस पर ही कांग्रेस पीठासीन अधिकारियों और सरकार पर आक्रामक है। लोकसभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित 'संसदीय पद्धति और प्रक्रिया' में तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह द्वारा लिखी भूमिका पठनीय है, 'संसद में अनुशासनहीनता और अव्यवस्था से मर्यादा क्षीण होती है। नागरिकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति सम्मान का भाव जरूरी है। आवश्यक है कि संसद लोगों की दृष्टि में अधिकाधिक विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए व्यवस्थित ढंग से कार्य करे।' कांग्रेस इससे प्रेरित नहीं होती। संसद में अनुच्छेद 105-1 व 2 के माध्यम से परिपूर्ण वाक् स्वातंत्र्य का अधिकार है, किंतु वाक् स्वातंत्र्य का अर्थ हंगामा या शोर मचाने की स्वतंत्रता नहीं है। सदन में बोलने की निर्बाध स्वतंत्रता नियमों के अधीन ही राष्ट्रहितैषी है, लेकिन शोर और हंगामे के द्वारा कार्यवाही बाधित करना सदन का अवमान है। वाद-विवाद के दौरान उत्तेजना स्वाभाविक है, लेकिन सदन के भीतर दफ्ती या प्लेकार्ड लाना, शोर मचाना तात्कालिक उत्तेजना का परिणाम नहीं होता। प्लेकार्ड आदि लेकर आना सदन में अव्यवस्था फैलाने की सुविचारित योजना का परिणाम है। ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई का कोई विकल्प नहीं है। सदनों के भीतर व्यवस्था और अनुशासन की चिंता को लेकर पीठासीन अधिकारियों के कई सम्मेलनों में गंभीर विचार हुए हैं। 2001 में लोकसभा नियमावली में एक नया नियम जोड़ा गया था। इस नियम के अनुसार 'अध्यक्षीय आसन के समक्ष शोर मचाने वाले सदस्य अध्यक्ष द्वारा नाम लेते ही स्वतः निलंबित हो जाते हैं।' पीठासीन अधिकारी सदाशयता के कारण कड़ी कार्रवाई से बचते हैं, मगर कार्यवाही में बाधा डालना, नारेबाजी, आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग रोकने के लिए यथानियम दंडात्मक कार्रवाई का विकल्प ही क्या है? लोकसभा महासचिव रहे सीके जैन ने 'आल इंडिया कांफ्रेंस आफ प्रिसाइडिंग आफिसर्स' पुस्तक में यूरोपीय विद्वान वालटर लिपिमैन को उद्धृत किया है कि, 'उच्च पदस्थ लोग संस्थाओं के संचालक-प्रशासक मात्र नहीं हैं। वे राष्ट्रीय आदर्शों, विश्वासों-अभिलाषाओं के संरक्षक होते हैं।' विधायक-सांसद निर्वाचित होने पर साधारण से असाधारण हो जाते हैं। उनका आचरण आमजनों पर प्रभाव डालता है। संविधान निर्माताओं ने गहन विचार-विमर्श के बाद संसदीय पद्धति अपनाई थी। संसद और विधानमंडल का प्राथमिक कर्तव्य विधि निर्माण, संविधान संशोधन, बजट पारण एवं कार्यपालिका को जवाबदेह बनाना है। संसद में व्यवधान से संसदीय कर्तव्य के निर्वहन में बाधा पैदा होती है। लोकसभा के स्वर्ण जयंती अधिवेशन (1997) में सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित हुआ था कि, 'सभा के कार्य संचालन संबधी पीठासीन अधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन द्वारा संसद की प्रतिष्ठा का रक्षण और संवर्धन किया जाए।' यह संकल्प बेनतीजा ही रहा। सदस्यों के आचरण और व्यवहार को लेकर समय-समय पर चिंता व्यक्त की जाती रही है। इसके लिए लोकसभा और राज्यसभा में आचार समिति का गठन किया गया था। आचार समिति सदस्यों के आचरण पर विचार के लिए सशक्त है। गत सप्ताह राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की गंगटोक में हुई बैठक में ओम बिरला ने विधायी सदनों के गतिरोध पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, '2001 में राष्ट्रपति और राज्यपाल के अभिभाषणों पर बाधा न डालने का निश्चय अध्यक्षों, मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचेतकों की बैठक में लिया गया था, मगर ऐसा नहीं हो पाया। दलगत राजनीति इस संकल्प पर हावी हो गई है।' बिरला ने राजनीतिक विमर्श में असंसदीय व्यवहार और अवांछनीय शब्दावली के इस्तेमाल को लोकतंत्र के लिए अशुभ बताते हुए भी यह कहा कि, 'देश नेताओं की ओर देखता है, वे जो कहते-करते हैं, वह मिसाल बनता है। वे समाज को सकारात्मक संदेश देने वाले होने चाहिए।' ऐसे में राजनीतिक दलतंत्र को भी जिम्मेदार बनाए जाने की आवश्यकता है।



# ऑस्कर में होगा 'नाटू नाटू' पर लाइव परफॉर्मेंस, सिंगर राहुल सिप्लिगंज और काला भैरव करेंगे धमाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साउथ के मशहूर निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर आए आए दिन नए रिकॉर्ड बना रही हैं। पहले जहां के लिए रवाना हुए थे। जहां दोनों फिल्म को जमकर प्रमोट करते नजर आ रहे हैं। वहीं अब इस अवॉर्ड से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आया है। खबर है कि ऑस्कर अवॉर्ड में परफॉर्म करेंगे। इस गाने को म्यूजिक एमएम कीरावनी ने दिया है। इस गाने की टक्कर 'बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग' कैटेगरी में रिहाना, लेडी गागा, मिट्स्की और डायने वारेन




गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' ने बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग का अवॉर्ड जीता था। इसके बाद ये गाना ऑस्कर 2023 के लिए भी नॉमिनेट हुआ। ऐसे में फिल्म डायरेक्टर एसएस राजामौली और एक्टर राम चरण इस अवॉर्ड की तैयारियों में शामिल हो चुके हैं। बीते दिनों दोनों अमेरिका राहुल सिप्लीगंज और काला भैरव परफॉर्म करते नजर आएंगे।बता दें, 12 मार्च को लॉस एंजेलिस में होने वाले ऑस्कर्स 2023 में इस गाने को सिंगर्स राहुल सिप्लिगुंज और काल भैरव लाइव परफॉर्म करेंगे। बता दें, उन्होंने ही इस गाने को गाया है और अब एंजेलिस के डॉल्बी थिएटर में इस गाने को लाइव से होगी।बीते दिनों खबर थी कि एक्टर राम चरण की ख्वाहिश है कि वह ऑस्कर में अपने इस गाने पर परफॉर्म करें। हालांकि इसपर खुद एक्टर का रिएक्शन भी आया था जिसमे उन्होंने कहा था कि 'हम कहीं भी 'नाटू नाटू' पर परफॉर्म करना पसंद करेंगे, जिसके लिए हमारी इतनी सराहना हो रही है।

# सिटाडेल का टीजर हुआ रिलीज, सीरीज में दिखेगा प्रियंका चोपड़ा का जबरदस्त एक्शन अवतार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अमेजन प्राइम की अपकमिंग वेब सीरीज सिटाडेल का टीजर रिलीज हो चुका है। इस वेब सीरीज में रिचर्ड मैडेन और स्टेनली टुली के साथ प्रियंका चोपड़ा कर रहे फैंस खासा एक्साइटेड हैं। प्रियंका चोपड़ा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से सिटाडेल का टीजर शेयर किया है। जिसमें पहली झलक में रिचर्ड मैडेन नजर आ रहे हैं। ये वीडियो क्लिप कुछ सेकंड का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं तो आपका ये इंतजार 1 मार्च का खतम होगा। वहीं वेब सीरीज की बात करें तो 28 अप्रैल को इसके पहले दो एपिसोड रिलीज होंगे। प्रियंका चोपड़ा ने सोमवार को ही






का एक्शन अवतार देखने को मिलने वाला है। प्रियंका चोपड़ा ने भी अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से इस मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज का टीजर रिलीज किया है। वेब सीरीज में प्रियंका काफी गॉर्जियस लुक में नजर आ रही हैं। स्पाई का किरदार उनपर खूब जंच रहा है। कुछ सेकंड का ये टीजर काफी रोमांचित करने वाला है साथ ही टीजर को देखकर इस सीरीज का लंबे अरसे से इंतजार की ही है। जिसमें जबरदस्त एक्शन सीन देखने को मिल रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा इसमें एक स्पाई यानी जासूस का किरदार निभा रही हैं। टीजर की शुरुआत में रिचर्ड बोलते नजर आ रहे हैं, 'जो कुछ भी आप जानते हैं वो सब झूठ है।' वहीं इस टीजर को शेयर करते हुए प्रियंका चोपड़ा ने भी लिखा, 'जो कुछ भी आप जानते हैं वो सब झूठ है।अगर आप सिटाडेल के ट्रेलर वेब सीरीज में अपना लुक दर्शकों के साथ शेयर किया है। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से वेब सीरीज की 9 पिक्चर्स की एक सीरीज शेयर की। जिसमें उनका स्पाई का गॉर्जियस अवतार नजर आ रहा है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा था, 'फर्स्ट लुक'। जिसपर सामंथा रुथ प्रभु से लेकर राजकुमार राव तक ने कमेंट किया था।

# अनिल कपूर ने किया खुलासा, श्रीदेवी और उर्मिला मातोंडकर के साथ जुदाई में काम करते वक्त क्यों थे नर्वस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अनिल कपूर हिंदी सिनेमा के उन कलाकारों में शामिल हैं, जिन्होंने लगभग अपने दौर की सभी टॉप एक्ट्रेसेज के साथ काम किया और यादगार फिल्में दीं। नब्बे ने फिल्म की दो तस्वीरें शेयर करके बताया कि श्रीदेवी और उर्मिला के साथ काम करने को लेकर वो नर्वस क्यों थे अनिल ने अपने ट्वीट में लिखा- उस वक्त जुदाई में काम करने का फैसला लेना मेरे लिए मुख्य भूमिकाएं निभायी थीं। फिल्म का निर्माण बोनी कपूर ने किया था। फिल्म के नैरेशन को अमिताभ बच्चन ने आवाज दी थी। फिल्म उस समय बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। 1997 की यह आठवीं हाइएस्ट ग्रॉसर





के दौर में अनिल काफी सक्रिय थे और अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर रहे थे। एक्शन, कॉमेडी से लेकर फैमिली ड्रामा भी अनिल की लिस्ट में शामिल थे। ऐसी ही एक फिल्म आयी थी जुदाई, जो अनिल के साथ श्रीदेवी और उर्मिला मातोंडकर की कास्टिंग के लिए चर्चा में रही थी। 1997 में रिलीज हुई फिल्म 28 फरवरी को रिलीज हुई थी और आज 26 साल का सफर पूरा कर चुकी है। इस मौके पर अनिल कपूर आसान नहीं था, लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने इसे चुना। मेरी जोड़ी दो बेहद खूबसूरत महिलाओं के साथ बनायी गयी थी- श्री और उर्मिला, और मुझे अभी भी याद है कि श्री जी और उर्मिला के साथ नाचते वक्त मैं कितना नर्वस था। दोनों ही अद्भुत डांसर हैं। जुदाई का निर्देशन राज कंवर ने किया था। यह 1994 की तेलुगु फिल्म शुभलग्नम का आधिकारिक रीमेक थी, जिसमें जगपति बाबू, आमनी और रोजा ने फिल्म थी। श्रीदेवी का निधन 24 फरवरी को 2018 में हुआ था। फिल्म की कहानी एक लालची पत्नी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो पैसे के लिए अपने पति को दूसरी शादी करने के लिए मना लेती है और फिर इसके परिणाम सामने आते हैं। फिल्म का संगीत हिट रहा था, जो नदीम-श्रवण ने दिया था। अनिल कपूर इन दिनों डिज्नी प्लस हॉटस्टार की वेब सीरीज द नाइट मैनेजर में विलेन के किरदार में नजर आ रहे हैं।

# 'दो साल में अनुष्का शर्मा ने किया ये बड़ा बलिदान', विराट कोहली ने खोला ये बड़ा राज




**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अनुष्का शर्मा और विराट कोहली बॉलीवुड की सबसे लवेबल कपल में से एक हैं। दोनों साल 2017 में इटली में शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों की शादी को पांच साल हो चुके हैं। वैसे तो अनुष्का शर्मा और विराट कोहली दोनों की काफी प्राइवेट पर्सन है और अपनी निजी जिंदगी के बारे में ज्यादा बातचीत नहीं करते, लेकिन अब हाल ही में एक इंटरव्यू में विराट कोहली ने अनुष्का शर्मा की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने अनुष्का शर्मा को अपनी सबसे बड़ी प्रेरणा बताया और मां बनने के बाद एक्ट्रेस ने क्या तकलीफे झेली और क्या कुछ अपनी जिंदगी और करियर के साथ समझौता किया, विराट कोहली ने खुलकर इसपर बातचीत की। दो साल में अनुष्का शर्मा ने झेली ये तकलीफ हाल ही में विराट कोहली ने आरसीबी पॉडकास्ट को एक इंटरव्यू दिया। इस बातचीत में भारतीय क्रिकेटर ने अनुष्का शर्मा और अपनी लव लाइफ के बारे में बात करते हुए कहा, 'बीते दो सालों में काफी कुछ चीजें हुईं। हमारा पहला बच्चा हुआ और एक मां के तौर पर अनुष्का शर्मा का वह त्याग बहुत ही बड़ा था।उनको देखने के बाद मुझे लगता है कि मेरी जिंदगी की तकलीफ उनके आगे कुछ भी नहीं थीं। जहां तक उम्मीदों की बात है, आपका परिवार आप जैसे हो अगर वैसे ही आपसे प्यार करता है, तो आपको ज्यादा कुछ उम्मीद रखने की जरूरत नहीं होती, क्योंकि यह एक बुनियादी जरूरत है'। विराट ने अपनी बातचीत को आगे बढ़ाते हुए कहा, 'आपको अपनी पहली प्रेरणा अपने घर से ही मिलती है। निश्चित तौर पर अनुष्का मेरी जिंदगी में एक बड़ी प्रेरणा रही हैं। मेरी जिंदगी का एक बिल्कुल अलग नजरिया था। जब आप किसी इंसान के प्यार में पड़ते हैं, तो आप अपने अंदर बदलाव लाना शुरू कर देते हैं। उनका जिंदगी को देखने का नजरिया बिल्कुल ही अलग है। इस चीज ने मुझे हमेशा अपनी जिंदगी में एक अच्छे बदलाव के लिए प्रेरित किया है और चीजें स्वीकार करने की हिम्मत मेरे अंदर दी। आपको बता दें कि शादी के तीन साल बाद जनवरी 2021 में उन्होंने बेटी वामिका का अपनी जिंदगी में स्वागत किया था।

# अल्लू अर्जुन ने पुष्पा 2 से ब्रेक लेकर परिवार की साथ की जंगल की सफारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की अपकमिंग फिल्म पुष्पा 2 का सभी को बेसब्री से इंतजार है। एक्टर भी अपने फैंस की लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इस बीच अल्लू अर्जुन ने अपने फैंस के लिए टाइम निकाला और डायरेक्टर सुकुमार एक्टर अल्लू अर्जुन के 41वें जन्मदिन को खास बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। एक्टर के बर्थडे यानी 8 अप्रैल, 2023 को सुकुमार फैंस को तोहफे के रूप में पुष्पा 2 की पहली झलक शेयर कर सकते है, जो फिल्म का टीजर या ट्रेलर हो सकता है।





परिवार के साथ रणथम्भौर में जंगल की सफारी की। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें अल्लू अपने परिवार के साथ जंगल की सफारी का आनंद लेते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो क्लिप में अल्लू अर्जुन अपने परिवार के साथ नजर आ रहे हैं। खबरों के अनुसार अल्लू अर्जुन रणथम्भौर में 2 दिन रुके थे। इस दौरान उन्होंने पत्नी स्नेहा, बेटे अयान और बेटी आरहा के साथ होटल सिक्स सेंस में स्टे किया। साथ ही उन्होंने कई बार जंगल की सफारी की। ऐसे में उन्हें बाघ की फैमिली भी देखी। पुष्पा 2 के पुष्पा 2 की रिलीज की बात करें तो ये फिल्म अगले साल यानी 2024 में रिलीज होगी। फिल्म पुष्पाः द राइज पिछले साल 17 दिसंबर को रिलीज हुई थी। फिल्म को तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज किया गया था। फिल्म में अल्लू अर्जुन लाल चंदन के तस्कर पुष्पराज के किरदार में थे तो वहीं, रश्मिका ने उनकी लेडी लव श्रीवल्ली का रोल निभाया था। पुष्पा द राइज ने सिर्फ हिंदी बेल्ट में ही 110 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। अब मेकर्स फिल्म के अगले पार्ट की तैयारी कर रहे हैं। पुष्पा 2 के साल 2023 के आखिर में आने की उम्मीद है।

# पठान की सफलता के बीच अक्षय कुमार की 'सेल्फी' ने पकड़ी रफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर बीते महीने तीन बड़े सुपरस्टार एक्टर्स के बीच टक्कर देखने को मिली। में कामयाब रही है। एक करोड़ के बजट में बनी सेल्फी की जिस तरह से धीमी शुरुआत हुई थी, उसे देखकर यही लग रहा था कि ये 3 लाख रुपए की कमाई की है। 2023 में कार्तिक आर्यन की पहली ही फिल्म फ्लॉप रही। कार्तिक आर्यन और कृति सेनन स्टारर ये




पठान का क्रेज जहां एक महीने बाद भी लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ सेल्फी ने भी वर्किंग डेज के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखी। हालांकि, इन दोनों ही फिल्मों के बीच शहजादा का बुरा हाल देखने को मिला। रिलीज के 12वें दिन ही कार्तिक की फिल्म का कलेक्शन बुरी तरह से गिर गया। इन तीनों फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर बीते मंगलवार क्या हाल रहा, चलिए बिना देरी किये जानते हैं पूरी रिपोर्ट। सेल्फी ने मजबूत की अपनी पकड़ अक्षय कुमार की सेल्फी को भले ही समीक्षकों के बहुत अच्छे रिव्यू नहीं मिले हो, लेकिन ये फिल्म वर्किंग डेज में भी खुद को संभालने फिल्म वीकेंड के बाद ही बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ देगी। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ और वर्किंग डेज में भी इस फिल्म ने खुद को संभाल लिया। सोमवार को जहां अक्षय कुमार और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म 'सेल्फी' ने 1 करोड़ का बिजनेस किया, तो वहीं मंगलवार को इस फिल्म ने 1.1 करोड़ का कारोबार किया। अब तक इस मूवी 12.7 करोड़ का बिजनेस किया।शहजादा कार्तिक का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल हो गया है। 17 फरवरी को रिलीज हुई इस फिल्म को अभी थिएटर में महज 12 दिन ही हुए हैं और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ दिया है। इस फिल्म ने मंगलवार को कुल फिल्म अब तक इंडियन बॉक्स ऑफिस पर महज 30.01 करोड़ की कमाई कर पाई है। 'शहजादा' के पास बस कमाई का ये हफ्ता बाकी है।25 जनवरी को रिलीज हुई शाह रुख खान की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। दीपिका पादुकोण स्टारर स्पाई थ्रिलर फिल्म का क्रेज लोगों में कम नहीं हो रहा है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 35वें दिन 81 लाख की कुल कमाई की। इस फिल्म ने 1 महीने बाद भी कमाई के मामले में कार्तिक आर्यन की शहजादा को पीछे छोड़ दिया है। पठान की इंडियन बॉक्स ऑफिस पर टोटल कमाई 527.29 करोड़ की हुई है और दुनियाभर में इस फिल्म ने 1022 करोड़ का बिजनेस कर लिया है।

# डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर इस तारीख को हिंदी में आएगी 'रन बेबी रन'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दक्षिण भारतीय फिल्मों डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने जानकारी दी कि रन बेबी रन 10 मार्च को वारिसु तमिल, तेलुगु, मलायमल और कन्नड़ भाषाओं में प्राइम वीडियो पर




की उत्तर भारत में भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। खासकर, बाहुबली फिल्मों के बाद से साउथ सिनेमा के चाहने वालों की संख्या हिंदी बेल्ट में भी काफी बढ़ चुकी है। इसीलिए ज्यादातर साउथ फिल्में हिंदी भाषा में भी रिलीज की जाती रही हैं। जो सिनेमाघरों में हिंदी में रिलीज नहीं हो पातीं, वो ओटीटी पर हिंदी डब के साथ उतारी जाती हैं। इस साल सिनेमाघरों में रिलीज हुईं लगभग सभी प्रमुख साउथ फिल्में ओटीटी स्पेस में आ चुकी हैं। तमिल फिल्म रन बेबी रन ऐसी ही फिल्मों की लिस्ट में शामिल है, जो 3 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब ओटीटी पर आने वाली है। मंगलवार को प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम की जाएगी। बेबी रन एक थ्रिलर फिल्म है, जिसे समीक्षकों ने भी अच्छी रेटिंग दी थी। जियेन कृष्णकुमार निर्देशित फिल्म में आरजे बालाजी, ऐश्वर्या राजेश और ईशा तलवार ने मुख्य भूमिकाएं निभायी थीं। यह इनवेस्टिगेटिव फिल्म है, जिसमें एक मेडिकल स्टूडेंट की मौत की तफ्तीश की जाती है।इससे पहले पोंगल के मौके पर रिलीज हुईं तमिल फिल्में थुनिवु और वारिसु ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर आ चुकी हैं। थुनिवु नेटफ्लिक्स पर तमिल के अलावा तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में स्ट्रीम की जा चुकी है। यह हाइस्ट एक्शन फिल्म है, जिसमें अजीत कुमार ने लीड रोल निभाया है। स्ट्रीम हो चुकी है। हिंदी में फिल्म 8 मार्च को स्ट्रीम की जाएगी। इस फिल्म में थलपति विजय और रश्मिका मंदाना ने लीड रोल्स निभाये हैं। मार्च में ओटीटी पर और भी कई दिलचस्प फिल्में आने वाली हैं, जिनकी ओटीटी रिलीज डेट नीचे दिये गये लिंक पर क्लिक करके जानी जा सकती है। 23 फरवरी को तेलुगु फिल्म वीर सिम्हा रेड्डी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो चुकी है। यह हिंदी में भी स्ट्रीम की गयी है। बालकृष्ण ने फिल्म में लीड रोल निभाया है। यह फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों में आयी थी। कुछ दिनों पहले प्राइम वीडियो पर सामंथा रूथ प्रभु की यशोदा स्ट्रीम हो चुकी है।

# सेल्फी के कलेक्शन में आई गिरावट, अक्षय की फिल्म ने चौथे दिन की इतनी कमाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार स्टारर फिल्म सेल्फी फ्लॉप होती नजर आ रही है। अब फिल्म का चौथे दिन का कलेक्शन सामने आया है। फिल्म का प्रमोशन करने में अक्षय ने काफी मेहनत की थी लेकिन उनकी मेहनत का कुछ खास फल देखने को नहीं मिल रहा है। 24 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म का शुरुआती कलेक्शन काफी कम था वहीं, वीकेंड कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने वीकेंड पर 10.30 करोड़ रुपए की कमाई की थी। अब फिल्म का चौथे दिन का कलेक्शन सामने आया है। जो अक्षय के फैंस को निराश करने वाला है। फिल्म ने चौथे दिन 1.25 करोड़ रुपए की कमाई की है। जो बाकी दिनों के मुकाबले काफी कम है। चौथे दिन इतनी हुई फिल्म की कमाई बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों के अनुसार फिल्म ने शुक्रवार को 2.55 करोड़, शनिवार को 3.80 करोड़, रविवार को 3.95 करोड़ और सोमवार को 1.25 करोड़ रुपए की कमाई की है। फिल्म के पहले वीकेंड पर ही लगातार गिरता कलेक्शन फिल्म के मेकर्स के लिए चिंता का विषय है। कहीं न कहीं पठान की जबरदस्त सक्सेस को भी इसकी वजह माना जा रहा है। वहीं इसके पहले रिलीज हुई शहजादा भी कुछ खास कमाल नहीं कर पाई हालांकि शहजादा कमाई के मामले में सेल्फी से आगे निगल गई है।सेल्फी, 2019 की मलयालम फिल्म ड्राइविंग लाइसेंस की रीमेक है। जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन और सूरज वेंजरामूदु ने अभिनय किया था। फिल्म 'सेल्फी' छोटे बजट की पिक्चर नहीं है। इसे बनाने में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का खर्च आया है। हालांकि हैरानी वाली बात ये है कि फिल्म के रिव्यू इतने बुरे नहीं थे। जितना बॉक्स ऑफिस पर इसका कलेक्शन दिख रहा है।




स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः-** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।